वर्ष 24, अंक 303, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 10 मई 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



तीनों सेनाध्यक्षों संग पीएम मोदी नें की मीटिंग

## भारत-पाकिस्तान तनावः रक्षा मंत्री नें की तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक



# हमले के बीच कराई नागरिक विमानों की लैंडिंग

## PAK ने अपने ही लोगों को मौत के मुंह में डाला- कर्नल सोफिया

**नई दिल्ली**

**ऑपरेशन** सिंदूर से पाकिस्तान इतना बौखलाया हुआ है कि उसको आम नागरिकों की भी फिक्र नहीं है. शुक्रवार (9 मई, 2025) को कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने नागरिक विमानों को ढाल बनाकर हमला किया. पाकिस्तान भीषण ड्रोन हमले कर रहा था, फिर भी उसने दमम से लाहौर के बीच फ्लाइट जारी रखीं. हमलों के बीच उसने एयरस्पेस को जारी रखा, जिसकी वजह से आम नागरिकों को नुकसान हो सकता था. उन्होंने तस्वीर के जरिए पाकिस्तान की पोल खोली और कहा कि भारत ने आपा नहीं खोया और नागरिक विमानों को नुकसान नहीं होने दिया. तस्वीर में दमम से लाहौर पहुंची फ्लाइट की पूरी डिटेल, टाइमिंग और रूट की जानकारी दी गई थी.

गुरुवार को पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों के सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम र-400 ने सारे हमलों को नाकाम कर दिया. आज विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैश और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने गुरुवार के घटनाक्रम पर ऑफिशियल ब्रीफिंग दी.

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि कल रात पाकिस्तान ने घुसपैठ की कोशिश की. सीमा पर 300-400 ड्रोनों का इस्तेमाल कर घुसपैठ करने का प्रयास किया गया, जिसे नाकाम कर दिया गया. उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि ड्रोन तुर्की के थे. उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने संयम से जबाव दिया.



कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया, '8-9 मई की मध्यरात्रि को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी भारतीय वायुक्षेत्र का कई बार उल्लंघन किया. पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर वाले हथियारों से गोलीबारी भी की. अंतरराष्ट्रीय और नियंत्रण रेखा पर 36 जगहों पर 300-400 ड्रोनों का इस्तेमाल घुसपैठ के लिया किया गया. भारत ने इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया.' कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया, बल्कि उसे एक ढाल की तरह इस्तेमाल किया है. उन्होंने कहा, 'जब यह हमला किया गया, उस समय कराची और लाहौर जैसे बड़े शहरों में पैसेंजर प्लेन उड़ान भर रहे थे, जिससे आम नागरिकों की जान जोखिम में डाली गई.'

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि भारतीय पक्ष का हवाई क्षेत्र घोषित बंद के कारण नागरिक यातायात से पूरी तरह से रहित है, जबकि कराची और लाहौर के हवाई अड्डा मार्ग पर नागरिक एयरलाइन उड़ान भर रही हैं. उन्होंने कहा, 'गुरुवार को शाम 5 बजकर 50 मिनट पर दमम से फ्लाइट ने उड़ान भरी और रात को 9 बजकर 10 मिनट पर लाहौर में उतरी. भारतीय वायु सेना ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया ।

# नागरिक विमानों को ढाल बना रहा पाकिस्तान- विक्रम



**नई दिल्ली**

**भारत** पाकिस्तान तनाव पर विदेश मंत्रालय और सेना की तरफ से ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा कल रात की गई ये भड़काऊ और आक्रामक कार्रवाइयां भारतीय शहरों और नागरिक बुनियादी ढांचे के अलावा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की गईं। भारतीय सशस्त्र बलों ने आनुपातिक, पर्याप्त और जिम्मेदारी से जवाब दिया... पाकिस्तान द्वारा किए गए इन हमलों का पाकिस्तानी राज्य मशीनरी द्वारा आधिकारिक और स्पष्ट रूप से हास्यास्पद खंडन उनके कपट और उनकी नई गहराई का एक और उदाहरण है।

विक्रम मिसरी ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ उकसावे वाली सैन्य कार्रवाई करते हुए कंधार, उरी, पुंछ, राजौरी, अखनूर और उधमपुर जैसे एलओसी से सटे क्षेत्रों में गोलाबारी की है। इस हमले में भारतीय सुरक्षाबलों को कुछ नुकसान हुआ और चोटें पहुंची हैं, हालांकि जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना को भी बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। मिसरी ने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने ड्रोन हमले की असफल कोशिश करने के बावजूद अपने नागरिक हवाई क्षेत्र को बंद नहीं किया, जो कि एक खतरनाक और गैर-जिम्मेदाराना कदम है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान नागरिक विमानों को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जिससे न केवल पाकिस्तान बल्कि इंटरनेशनल फ्लाइट्स की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है. हराई का एक और उदाहरण है।

# केंद्र ने 24 हवाई अड्डों को 14 मई तक बंद रखने की अवधि बढ़ाई



**चंडीगढ़**

**केंद्र** सरकार ने देशभर के 24 हवाई अड्डों को 14 मई तक बंद रखने की अवधि बढ़ा दी है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तानी सेना द्वारा विफल ड्रोन हमले के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव बढ़ गया है। गुरुवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घोषणा की थी कि 10 मई तक 24 हवाईअड्डे नागरिक उड़ान संचालन के लिए बंद रहेंगे। कई एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए यात्रा सलाह भी जारी की है और उनसे हवाईअड्डों के बंद होने और सुरक्षा प्रोटोकॉल में वृद्धि के बारे में अपडेट रहने को कहा है। चंडीगढ़, श्रीनगर, अमृतसर, लुधियाना, भुंतर, किशनगढ़, पटियाला, शिमला, जैसलमेर, पठानकोट, जम्मू, बीकानेर, लेह, पोरबंदर आदि शहरों में हवाई अड्डे 14 मई तक बंद रहेंगे। वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट पर हवाई यात्रा लगातार दूसरे दिन भी बाधित रही, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध जारी रहे, जिसके कारण कई उड़ानें रद्द और विलंबित हुईं।

# घबराहट में खरीदारी की जरूरत नहीं

## Indian Oil ने देश भर में ईंधन, LPG का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया

**नई दिल्ली**

**भारत-पाकिस्तान** के बीच बढ़ता तनाव आने आने वाले समय में कुछ परेशानियां न खड़ी कड़े इसके लिए देखा गया कि कुछ लोगों ने पेट्रोल और डीजल को काफी ज्यादा स्टोर करना शुरू कर दिया। अब देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने शुक्रवार को लोगों को भरोसा दिलाया कि घबराकर खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। कंपनी ने कहा कि देश भर में ईंधन और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिससे सभी मांगें पूरी हो सकेंगी। IOCL ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया, "इंडियन ऑयल के पास देश भर में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और हमारी आपूर्ति लाइनें सुचारू रूप से चल रही हैं। घबराकर खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है - हमारे सभी आउटलेट पर ईंधन और एलपीजी आसानी से उपलब्ध हैं।



# गब्बर सिंह टैक्स नहीं है जीएसटी, जाते...

**असम**

**कांग्रेस** पार्टी द्वारा लंबे समय से की जा रही कर व्यवस्था की आलोचना का तीखा जवाब देते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का बचाव करते हुए इसे 'ईश्वर द्वारा भेजा गया कर' करार दिया। असम के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राफेल जेट और एस-400 मिसाइल सिस्टम जैसी प्रमुख रक्षा खरीद जीएसटी के कारण ही संभव हो पाई, जिससे राष्ट्र निर्माण में मदद मिली। शुक्रवार को एक्स को संबोधित करते हुए हिमंत ने लिखा, "राफेल जेट और एस-400 सिस्टम यूं ही नहीं बन जाते - वे हमारे करदाताओं की ताकत पर बनाए जाते हैं। इसलिए जीएसटी कभी भी 'गब्बर सिंह टैक्स' नहीं था - यह एक 'ईश्वर द्वारा भेजा गया टैक्स' है जो भारत को एकजुट करता है और इसकी सुरक्षा, विकास और लचीलेपन को निधि देता है।" हिमंत कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जीएसटी व्यवस्था की बार-बार की गई ।

# पाकिस्तान स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश कर रहा- उमर

**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू-कश्मीर** के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्थानीय लोगों से बातचीत की, जो भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच वर्तमान में सांबा में सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पुंछ में भारी नुकसान हुआ है। पुंछ में सबसे ज्यादा लोग हताहत हुए हैं और सबसे ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मैं कुछ समय पहले जम्मू के अस्पताल में था और वहां भर्ती सभी घायल पुंछ से हैं। पुंछ में स्थिति गंभीर है। उपमुख्यमंत्री पुंछ पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे वहां पहुंचते हैं तो वहां के लोगों से मिलेंगे।



जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश की है। उन्होंने ड्रोन का इस्तेमाल किया। लेकिन इसका श्रेय हमारे रक्षा बलों को जाता है, उन्होंने सभी ड्रोन को मार गिराया। कश्मीर के अनंतनाग में गोला-बारूद डिपो को भी निशाना बनाया गया, लेकिन कोशिश नाकाम कर दी गई। हमने यह स्थिति शुरू नहीं की, पहलगाम में निर्दोष लोग मारे गए, और हमें जवाब देना पड़ा। पाकिस्तान स्थिति को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, और इससे उन्हें किसी भी तरह से फायदा नहीं होगा। उन्हें अपने हथियार डाल देने चाहिए। उन्हें तनाव बढ़ाने के बजाय डी-एस्केलेशन के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

पाकिस्तान की ओर से भारी गोलाबारी के कारण सीमावर्ती कस्बे में एक घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि 7 मई को सुबह करीब 6.30 बजे पाकिस्तान की ओर से दागे गए गोले यहां आकर गिरे, जिससे यह घर क्षतिग्रस्त हो गया। शुक्र है कि इसमें किसी की जान नहीं गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय की स्थिति यह तय करेगी कि स्कूल बंद किए जाने की अवधि को बढ़ाया जाएगा या नहीं और यदि इसे बढ़ाया जाएगा तो कितने समय के लिए ऐसा किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए बृहस्पतिवार को अगले दो दिन के लिए स्कूल बंद करने का आदेश दिया।

# ये अदालती लड़ाई का समय नहीं है,

## सभी महिला अधिकारियों को रखा जाए बरकरार

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि यह समय अनुभवी महिला अधिकारियों को अदालतों के चक्कर काटने या उन्हें दरकिनार करने का नहीं है। कोर्ट ने सशस्त्र बलों और सरकार को कड़ा संदेश देते हुए यह बात कही। शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) की महिला अधिकारियों द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह टिप्पणी की। इन महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) से वंचित कर दिया गया था। यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच की गई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुआई वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि फिलहाल सेना को उन अधिकारियों को सेवा में बनाए रखना चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि अदालतों से बेहतर उनके लिए प्रदर्शन करने की जगह है। आज की तारीख में हम चाहते हैं कि उनका मनोबल हमेशा ऊंचा रहे।



न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर कोई आदेश पारित करने से परहेज किया, लेकिन केंद्र सरकार से संक्रमणकालीन व्यवस्था करने को कहा। न्यायमूर्ति कांत ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, "हम समय आने पर कानूनी मुद्दों पर निर्णय लेंगे। इस बीच, बस उनकी सेवाओं का उपयोग करें। यह आपका मामला नहीं है कि वे अनुपयुक्त अधिकारी हैं। यह सुनवाई ऐसे समय में हो रही है जब पाकिस्तान के साथ शत्रुता के कारण सैन्यकर्मी अत्यधिक सतर्क हैं। न्यायमूर्ति कांत ने सशस्त्र बलों में अनुभव के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, "बेशक, बल हमेशा युवा होना चाहिए ।

# यूपी की इस योजना से 10 लाख किसानों को होगा सीधा फायदा

## सीएम योगी ने वर्ल्ड बैंक का जताया आभार

**उत्तर प्रदेश : उत्तर प्रदेश** को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दो बड़े कार्यक्रमों का शुभारंभ किया. इन कार्यक्रमों में पहला है यूपी एग्रीस, जो किसानों को उन्नत खेती के लिए मदद देगा. दूसरा है एआई प्रज्ञा, जिससे प्रदेश के 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) की ट्रेनिंग दी जाएगी. ये दोनों कार्यक्रम विश्व बैंक के सहयोग से शुरू किए गए हैं.

मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और उनकी टीम विशेष रूप से मौजूद रही. सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश का ग्रोथ इंजन बन चुका है और आज प्रदेश विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है.



### क्या है यूपी एग्रीस योजना?

यूपी एग्रीस योजना खासकर पूर्वांचल और बुंदेलखंड के 28 जिलों के किसानों के लिए शुरू की गई है. इसमें कुल 4,000 करोड़ रुपये की परियोजना है, जिसमें से 2,737 करोड़ रुपये का लोन विश्व बैंक देगा और बाकी पैसा राज्य सरकार लगाएगी. यह परियोजना 6 साल में पूरी होगी और इस पर 35 साल में लोन चुकाना होगा. लोन पर सिर्फ 1.23% ब्याज देना होगा.

इस योजना से 10 लाख किसानों को सीधा फायदा मिलेगा. इनमें से 30 प्रतिशत महिलाएं होंगी. इसके तहत 10,000 महिला उत्पादक समूह जोड़े जाएंगे और 500 किसानों को विदेशी ट्रेनिंग भी दी जाएगी. इस योजना से खेती में आधुनिक तकनीक आएगी और उत्पादन बढ़ेगा.

### एआई प्रज्ञा से युवाओं को नई तकनीक की शिक्षा

एआई प्रज्ञा योजना का मकसद है कि उत्तर प्रदेश के 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, और साइबर सिक्योरिटी जैसी नई तकनीकों की ट्रेनिंग दी जाए. यह ट्रेनिंग शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, और प्रशासन जैसे विभागों की मदद से दी जाएगी.

इस योजना में माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, अमेजन, इंटेल, एचसीएल, वाधवानी फाउंडेशन जैसी बड़ी कंपनियां सहयोग करेंगी. युवाओं को सर्टिफिकेट के साथ-साथ रोजगार के मौके भी मिलेंगे।

# जीवन निर्माण में विद्यालय व शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण : डीआईओएस पीएन सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड स्कूलों में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी का परीक्षा परिणाम बेहतर हो। इस पर छात्रों व शिक्षकों को मिलकर काम करना है। विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देने के साथ परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाना ही हमारा उद्देश्य है। यह बात जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पीएन सिंह ने श्रृंगी ऋषि इण्टर कॉलेज घटवा में आयोजित छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय में लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल सभागार का लोकार्पण भी किया।

शुक्रवार को स्कूलों के 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा परिणाम व विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर चर्चा की। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी कक्षा के हर विद्यार्थी को ध्यान में रखकर उसकी परीक्षा की तैयारी कराएं, जिससे उसका परीक्षा परिणाम भी बेहतर हो। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य लेकर चलें कि हमें प्रथम आना है।



लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल सभागार का लोकार्पण करते हुए



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक, कर्मचारी व अभिभावकगण

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद सह जिला विद्यालय निरीक्षक एल बी मौर्य ने कहा कि प्रतिभाएं कहीं बाहर से नहीं आती है। कठिन परिश्रम, संकल्प व उद्देश्य निश्चित हो तो जीवन में सफलता जरूर मिलती है।

मुख्य अतिथि व मंचासीन अतिथियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संतोष सिंह ने माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इसके बाद बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत भी किया गया। मुस्कान, रोशनी साहू,आयुष पटेल, प्राची पटेल को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया । एनसीटीई परीक्षा में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र फहद सिद्दीकी को जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या उपासना वर्मा, कुलभास्कर आश्रम इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य पीपी सिंह, श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय, परमेश्वर दीन इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य महेन्द्र तिवारी, पीटीए अध्यक्ष अफजल सिद्दीकी, तेज प्रकाश सिंह, बुलंद प्रताप राय, लक्ष्मी नारायण सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, पूनम सिंह, शिवानी सिंह, विनय सिंह सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारी व अभिभावक मौजूद रहें।



छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान छात्रों व शिक्षको को संबोधित करते जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह।

# बारात से लौटते समय अनियंत्रित होकर बाइक से गिरा युवक, मौत



युवक की मौत के बाद गमजदा परिजन

**अखण्ड भारत सन्देश**

**मांडा।** चचेरे भाई की बारात से लौट रहे युवक की बाइक से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मांडा थाना क्षेत्र के उमापुर गांव निवासी 45 वर्षीय संदीप निषाद पुत्र रामसागर निषाद के चचेरे भाई की बारात गुरुवार सायं मेजा थाना क्षेत्र के रैपुरा तंदरिया गांव गयी थी। शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे संदीप अपनी बाइक से बारात से लौटकर अपने घर उमापुर, मांडा आ रहे थे। मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया पुलिस चौकी के समीप आरओबी पर पहुंच कर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे संदीप को गंभीर चोटें आयीं। राहगीर व पुलिस घायल दशा में संदीप को दिघिया के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गये, लेकिन अस्पताल पहुंचने के पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।बारात से लौटते वक्त हुई युवक की मौत से पूरे परिवार में व्याप्त शादी की खुशी गम में बदल गयी। संदीप के पिता रामसागर मत्स्य पालन करते हैं। संदीप दो भाइयों में बड़ा था तथा छोटा भाई शनि निषाद घर का काम करते हैं। संदीप को केवल छह बेटियां हैं। दिघिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## शादी समारोह में गए युवक की बाइक चोरी

**सहसों।** थाना थरवई क्षेत्र के सेमरी गांव स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में गए युवक की बाइक चोरी हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामबाबू पुत्र शंकर लाल निवासी सेमरी थाना थरवई ने बाइक से गांव स्थित पास के ही एक गेस्ट हाउस में गुरुवार की रात लगभग 9:00 बजे आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया थे। वह अपनी बाइक को गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी कर अंदर चले गए। कुछ समय पश्चात भोजन के उपरांत गेस्ट हाउस के बाहर आए तो देखा कि बाइक अपने स्थान पर नहीं है। काफी देर तक खोजबीन के पश्चात भी बाइक नहीं मिली। भुक्तभोगी द्वारा शुक्रवार को थाने जाकर बाईक चोरी के संबंध में अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित देकर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की पुलिस से मांग किया है।

# सैनिको के सम्मान मे निकाली गई शौर्य यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** भारतीय किसान यूनियन आजाद हिन्द जनपद प्रयागराज के करछना मुख्यालय पर संगठन के मण्डल उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम एवं अब्दुल मोकीत सिददीकी के नेतृत्व मे शौर्य यात्रा निकाली गई । अब्दुल मोकीत सिद्दीकी ने कहा देश जवान और किसानो का है भाकियू आजाद हिन्द के बैनर तले बेहतरीन तरीके सशस्त्र बलो के उत्साह वर्धन के लिए और देश को एकता के सूत्र मे पिरोने के लिए यह प्रदर्शन अच्छा साबित होगा । हमारे देश से आतंक वाद को खतम करने के लिए यह कदम शराहनीय है । मो अकरम ने कहा कि देश के समस्त सशस्त्र बलों के लिए किसानों का हृदय 'तन ' मन ' धन हरदम खुला मिलेगा । अब्दुल मोकीत ने कहा पाकिस्तान को परास्त करने के लिए भारत की बेटियाँ ही काफी है । जिसमे जिला उपाध्यक्ष कौशल्या देवी विनोद शुक्ला अखिलेश मो आलम 'परिपूरित नन्द ' अनीस विजय आदि लोगो ने हिन्दुस्तान जिन्दाबाद ' पाकिस्तान मुदार्बाद और भारतीय सैनिक जिन्दाबाद के नारे भी लगाए।



शौर्य यात्रा में शामिल लोग

# नैनी निवासी प्रोफेसर त्रिभुवन नाथ शुक्ल हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बने

**नैनी।** नैनी निवासी प्रोफेसर त्रिभुवन नाथ शुक्ल को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हिंदी भाषा सलाहकार समिति, भारत सरकार का सदस्य नामित किया गया है। संयुक्त सचिव भारत सरकार परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के आदेश द्वारा पुनर्गठित स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के गैर सरकारी सदस्य के रूप में प्रोफेसर (डॉक्टर) त्रिभुवन नाथ शुक्ल को नामित किया गया है। प्रोफेसर त्रिभुवन नाथ शुक्ल रानी दुर्गावती जबलपुर विश्वविद्यालय के हिंदी साहित्य एवं भाषा विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष रह चुके हैं। वे इस समय संप्रति सरस्वती पुरम, नैनी, प्रयागराज में रहते हैं। प्रोफेसर शुक्ल द्वारा हिंदी साहित्य एवं भाषा विज्ञान विषयक अनेक ग्रंथों का



लेखन किया गया है। वह भारतीय हिंदी परिषद एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद न्यास नई दिल्ली के अध्यक्ष रह चुके हैं। शुक्ल मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य अकादमी के निदेशक एवं साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सदस्य भी रहे हैं। वे विश्व ज्ञानपीठ व अंतरराष्ट्रीय सनातन धर्म परिषद प्रयागराज के अध्यक्ष हैं। वे नवीन पुस्तकों के प्रणयन एवं हिंदी साहित्य के उन्नयन में सक्रिय हैं।

# 50 टीबी रोगियों को दी गई पोषण सहायता, 6 महीने तक मिलेगी मदद

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** सैदाबाद ब्लॉक में टीबी मरीजों की मदद के लिए एक सराहनीय पहल सामने आई है। कोखराज हंडिया एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड और क्यूब रूट फाउंडेशन ने आर्थिक रूप से कमजोर 50 टीबी रोगियों को गोद लिया है।

गुरुवार को सैदाबाद सरकारी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में इन मरीजों को पोषण किट की दूसरी किश्त दी गई। एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट प्रमुख अविनाश कुमार ने बताया कि कुपोषण टीबी मरीजों के इलाज में बड़ी बाधा है। पोषण में सुधार से मरीजों के जल्दी स्वस्थ होने की संभावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि यह सहायता छह महीने तक जारी रहेगी।

कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुरेश यादव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बी.के. पांडेय और जिला समन्वयक डॉ. एस.के. सैमसन मौजूद रहे। वरिष्ठ सड़क सुरक्षा प्रबंधक अभिषेक यादव, सीनियर मैनेजर शशि भूषण द्विवेदी और टोल मैनेजर महेन्द्र कुमार यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। यह न केवल मरीजों के पोषण स्तर में सुधार करेगी, बल्कि समाज में यह संदेश भी देगी कि सभी मिलकर भारत को टीबी मुक्त बना सकते हैं।




टीबी मरीजों को वितरित किया गया पोषण किट

## श्री राम जानकी मंदिर सहसों का मनाया गया 33वां वार्षिकोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** श्री राम जानकी सेवा समिति सहसों प्रयागराज के तत्वाधान में शुक्रवार को श्री राम जानकी मंदिर सहसों का 33वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक कैलाश चंद्र केसरवानी के संयोजन में मंदिर के पुजारी मोहनदास एवं राजधार पांडे द्वारा सायंकाल मंदिर के प्रांगण में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसमे भक्तों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ एवं भजन कीर्तन भक्ति भावना के साथ किया गया। उपरांत प्रभु श्री राम दरबार, हनुमान जी एवं मां दुर्गा की भव्य आरती उतारी गई। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर मंदिर को आधुनिक विद्युत झालरों एवं माला फूल के सजावट से सुसज्जित किया गया था। इस मौके पर राजू केसरवानी, सतीश केसरवानी, बच्चा केसरवानी, नवीन केसरवानी, प्रवीण केसरवानी, शिशिर केसरवानी, दिनेश चंद्र केसरवानी, जगत मिश्रा, सूर्यकांत तिवारी, दिनेश कुमार मिश्रा, विष्णु नेपाली, रामबाबू पुष्कर, विमल चंद्र गुप्ता, विकास पुष्कर, डॉक्टर प्रमोद गुप्ता, कृष्णकांत पुरी, उमेश केसरवानी, प्रहलाद मोदनवाल एवं शिवधारी पाल सहित भारी संख्या में भक्तगंण उपस्थित रहे।



# भगवान श्री कृष्ण का बंधन आनंद का सदन है : शिवाकांत महाराज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से जीवन की व्यथा नष्ट हो जाती है। एवं मनुष्य को जीवन जीने की सच्ची राह मिलती है क्योंकि प्रभु कृष्ण निर्विकार हैं। सम है, अच्युत हैं, सारे विश्व के साक्षी हैं। सर्वज्ञ हैं वह चित्त के बाहर भी और भीतर भी है। इसलिए भगवान श्री कृष्ण का बंधन आनंद का सदन है उक्त बातें राम का पूरा पीढ़ी में रमाकांत मिश्रा के यहां चल रही संगीतमय साप्ताहिक भागवत कथा के सातवें दिन अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास पंडित शिवाकांत जी महाराज ने कही, उन्होंने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहीं किंतु परमात्मा ने कहा कि मेरे भक्त जिसके पास प्रेम धन है ,वह निर्धन नहीं हो सकता सुदामा और मित्र कृष्ण का मिलन ही नहीं वह जीवन व ईश्वर तथा भक्त और



भगवान का मिलन था। भगवान श्री कृष्ण का दर्शन करते ही विप्र सुदामा की सारी पाप दरिद्रता नष्ट हो गई , उनका अंत करण स्वच्छ और निर्मल हो गया । हृदय में भक्ति भाव की बाढ़ आ गई दोनों के नेत्रों में प्रेम के आंसू छलक आए शरीर का एक-एक रोम खिल आया भक्त और भगवान कृष्ण के प्रेम के आंसू टप टप गिरते जा रहे थे। सुदामा ने कहा कि प्रभु आप भक्तों के भगवान, वेदंतियों के ब्राह्मण और जोगियो के परमात्मा एवं आप सबके अंतयार्मी साक्षी व स्वयं सर्वदर्शी है । सुदामा के स्नेह भर दो मुट्ठी चावल खाकर उन्हें दो लोग वासी बना दिया सुदामा और कृष्ण मित्रता से हमें यह शिक्षा मिलती है कि एक मित्र दुखी हो तो दूसरे मित्र का सुखी रहना पाप है। बीच-बीच में भक्ति भजन से पंडाल में भक्ति प्रेम की दरिया में गोता लगा रहे थे। अंत में व्यास ने भगवान का स्वधाम गण एवं परीक्षित मोक्ष कथा की व्याख्या किया तत्पश्चाप भागवत की आरती एवं प्रसाद का वितरण हुआ इस मौके पर सियाराम शुक्ला व्यास जी, पवन कुमार, लाल साहब शुक्ला, भाई लाल केसरवानी, चैतन्य द्विवेदी, सब्स्येंद्र सिंह पूर्व प्रधान, तथा व्यवस्थापक भोलानाथ मिश्र व उमाशंकर मिश्र ने समस्त आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए। आदि सैकड़ो भक्त मौजूद रहे। भंडारा में प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया।

## नैनी विकास परिषद द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न

**नैनी।** नैनी भारत मां के वीर सपूत महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर नैनी विकास परिषद के तत्वावधान में अवन्तिका कालोनी नैनी स्थित कार्यालय पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों, पत्रकारों, एवं संभ्रान्त नागरिकों ने महाराणा प्रताप के शौर्य, पराक्रम, त्याग व बलिदान की चर्चा करते हुए उनके प्रति अपने श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर नैनी विकास परिषद के संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह, अवंतिका विकास समिति के अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद शुक्ल, महामंत्री अखिलेश सिंह, सुनील साहनी, सुभाष चंद्र, अनिल द्विवेदी, सुषमा विश्वकर्मा, यमुनापार विकास समिति के मंत्री रवि कुमार सिंह, वरुण सिंह, धीरज चौधरी, रितेश सिंह चौहान, दीपक सिंह पटेल, पुनीत पटेल, विष्णु प्रताप सिंह, अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्रा0 पं0 ऐंचवारा, वि0 खं0 मानिकपुर-चित्रकूट

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वाँ वित्त/राज्यवित्त योजनान्तर्गत ग्रा0 पं0 ऐचवारा द्वारा कराये जाने वाले निम्मलिखित कार्य पर प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मों/ सप्लायरों से दिनांक 14.05.2025 को अपराहन 1.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदा आमन्त्रित की जाती है। जो कि उसी दिन अपराहन 2.00 बजे ग्रा0 पं0 में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.05.25 से 14.05.25 को अपराहन 1.00 बजे तक ग्रा0 पं0 ऐंचवारा से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामाग्री की लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रा0 पं0 ऐचंवारा में मेन रोड से विष्णु गर्ग के घर तक इण्टर लाकिंग-खड़ंजा निर्माण कार्य | 6.32 लाख | — | — |

**प्रधान**
**सुनील शुक्ला**

**सचिव**
**श्रीमती संगीता देवी**

पत्रांक- टेन्डर नोटिस दिनांक-09-05-25

# प्रयागराज में बढ़ाई जा रही एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था, सभी तरह के विजिटर पास पर रोक

**शुक्रवार से ही फ्लाइट से तीन घंटे पहुंचने का लागू हो चुका है नियम**

**अलर्ट के बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षाचक्र को बढ़ाया गया, चेकिंग बढ़ी**



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया। जवाबी कार्रवाई में नाकाम रहे पड़ोसी देश की बौखलाहट के बीच रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जा रही है। इसी कड़ी में प्रयागराज एयरपोर्ट पर कड़े कदम उठाए गए हैं। उड्डयन मंत्रालय के निर्देश पर एयरपोर्ट प्रशासन ने सभी प्रकार के विजिटर पास पर पूरी तरह रोक लगा दी है। अब सिर्फ वैध टिकट वाले यात्रियों को ही एयरपोर्ट में प्रवेश मिलेगा। इसके साथ ही यात्रियों की सुरक्षा जांच को और सघन कर दिया गया है।

नई व्यवस्था के तहत यात्रियों को अब विमान रवानगी से कम से कम तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचना अनिवार्य होगा। सुरक्षा के लिहाज से प्रत्येक यात्री की दो चरणों में जांच की जाएगी। पहली जांच चेक-इन काउंटर के बाद और दूसरी विमान में सवार होने से पहले एप्रन क्षेत्र में होगी। यह व्यवस्था शुक्रवार से लागू कर दी गई। हालांकि, पहले दिन जानकारी के अभाव में कुछ यात्री देरी से पहुंचे, लेकिन एयरपोर्ट प्रशासन ने उन्हें निराश नहीं किया और चेक-इन की अनुमति दी।

शुक्रवार को प्रयागराज एयरपोर्ट पर कुल दस विमानों का संचालन हुआ, जिसमें इंडिगो के छह, एलायंस और अकासा एयर के दो-दो विमान शामिल थे। इस दौरान 744 यात्रियों का आगमन और 732 यात्रियों की रवानगी हुई। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि सभी विमान अपने निर्धारित समय पर संचालित हुए और कोई उड़ान रद नहीं हुई। फिर भी, पाकिस्तान के हमले की आशंका के चलते यात्रियों की संख्या में कमी देखी गई। 27 अप्रैल के बाद यह पहला मौका था, जब प्रयागराज एयरपोर्ट पर 1500 से कम यात्रियों का आवागमन दर्ज किया गया। एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यात्रियों से अपील की गई है कि वे नई व्यवस्था का पालन करें और समय पर एयरपोर्ट पहुंचकर जांच प्रक्रिया में सहयोग करें। यह कदम न केवल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा को भी मजबूती प्रदान करेंगे।

# आपरेशन सिंदूर से आतंकिस्तान कांपा, सेना ने दिखाई शौर्य एवं पराक्रम की ताकत

**भारत के कड़े एक्शन से पूरे देश के लोगों में है जश्न का माहौल**

**देश के लोगों की अपनी सेना के शौर्य और पराक्रम पर है नाज**



भाजपा नेता योगेश शुक्ल



प्रेमशंकर सिंह



राहुल मिश्रा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** पहलगाम में विवाहित महिलाओं की आंखों के सामने उनके पति की गोली मारकर हत्या कर उनका सिंदूर उजाड़ने वालों का किला ढहाने के लिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर लांच कर आतंकियों पर 7 मई की रात बड़ी कार्रवाई की है। देश के प्रधानमंत्री द्वारा आतंकियों व उन्हें संरक्षण देने वालों को मिट्टी में मिलाने के संकल्प का शुभारंभ हो चुका है जिसको लेकर पूरे देश में जश्न का माहौल है। भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी व देश की सेना के पराक्रम को सैल्यूट किया है। जिसके क्रम में भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि पहलगाम हमले के चौदह दिन बाद पीएम मोदी की रणनीति व सेना के शौर्य की जुगलबंदी से आतंकियों के ठिकाने व उनके आकाओं को करारा जवाब दिया गया है। गौरतलब है कि बीते 7 मई की रात सही टारगेट, सही वक्त और एक ही झटके में 21 आतंकी ठिकाने ध्वस्त कर दिए गए। सेना की इस बड़ी कार्रवाई से देश में जश्न मनाया जा रहा है। इसके जरिए पूरी दुनिया को संदेश दिया गया कि भारत छेड़ने वालों को कभी छोड़ता नहीं है।

भाजपा नेता एवं पूर्व सैनिक कल्याण संस्था के पूर्वी उ.प्र. के अध्यक्ष प्रेमशंकर सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले के पीड़ित परिवारों से कहा था कि न्याय मिलेगा और मिलकर रहेगा। उनके संकल्प पर पूरे देश को भरोसा था। 7 मई की रात पाकिस्तान के पंजाब प्रांत व पीओके में आतंकियों के 9 शहरों के 21 कैम्पों पर 25 मिनट में सेना ने जो कहर ढाया उससे पूरे पाकिस्तान में दहशत का माहौल देखा गया। इस कार्रवाई से पीड़ित परिवारों की बदले की मुराद पूरी हुई है।

भाजपा युवा मोर्चा के जिलामंत्री राहुल मिश्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के प्रहार से जहां आतंकिस्तान बौखला गया है वहीं शुभम द्विवेदी के परिजनों को भारत की कार्यवाही से आत्म संतोष मिला है। उन्होंने देश की सेना के शौर्य और यशश्वी पीएम के प्रति आभार प्रकट किया है।

# ऐतिहासिक वरूणेश्वर महादेव मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

## ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल की पहल पर क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी ने मांगा भू- अभिलेख

**पर्यटन विकास से ऐतिहासिक मंदिर को मिलेगी अभूतपूर्व पहचान**

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील क्षेत्र के बरना स्थिति ऐतिहासिक वरूणेश्वर महादेव मंदिर के दिन बहुरने वाले हैं। धार्मिक आस्था की प्रतिमूर्ति वरूणेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास व सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन अधिकारी ने उपजिलाधिकारी से निर्विवादित भू अभिलेख उपलब्ध कराने की मांग की है।

बता दें की पर्यटन निदेशालय ने वर्ष 2025-26 में कार्य कराने हेतु जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव आमंत्रित करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया था। जिसपर फूलपुर विकास खण्ड के ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने फूलपुर क्षेत्र के बरना स्थिति ऐतिहासिक



वरूणेश्वर महादेव मंदिर का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पर्यटन निदेशालय को भेजकर उक्त कार्य को अतिशीघ्र कराने की मांग की थी। जिसपर क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी प्रयागराज ने तहसील अधिकारियों से पत्राचार कर मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु आवश्यक भू अभिलेख उपलब्ध कराने की बात कही। ब्लाक प्रमुख की इस पहल पर



जहां क्षेत्र में खुशी का माहौल है वहीं भारी संख्या में शिवभक्तों ने इस नेक कार्य के लिए ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल के प्रति आभार भी व्यक्त किया। वहीं फूलपुर ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए कहा की क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना उनका मुख्य उद्देश्य है। मंदिर का सौंदर्यीकरण होने से जहां क्षेत्र के विकास को एक धार मिलेगी वहीं उपेक्षित वरूणेश्वर महादेव मंदिर को भी अपनी ऐतिहासिक पहचान मिलेगी।

# मांडा मे अधिकारी के घर हुई चोरी का भंडाफोड़

## मांडा पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद हासिल की सफलता, माल बरामद कर चोरो को भेजा जेल

**प्रदीप कुमार**

**मांडा।** यमुनापार के मांडा के तिसेन तुलापुर के पीसीएस अधिकारी के घर बीते दिनों हुई चोरी का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है। चोरी के माल बरामद करते हुए चोरो को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के तिसेन तुलापुर निवासी अशीष द्विवेदी प्रतापगढ़ मे पीसीएस (हरिजन कल्याण अधिकारी) हैं। बीते 25 व 26 अप्रेल की मध्य रात्रि चोरो ने घर का ताला तोड़कर तीन बहुओ का कीमती आभूषण सहित पांच लाख नकदी रुपये उड़ा दिया था। पीड़ित के चचेरे भाई ने मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग किया।वहीं घटना के बाद आरोपी पुलिस से छिपकर इधर-उधर घूमते रहे। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह व उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह मय फोर्स क्षेत्रीय भ्रमण मे मासूर थे।तभी मुखबिरी द्वारा मिली सूचना के आधार पर मांडा क्षेत्र के दशमीहवा पहाड़ से घेराबंदी कर अभियुक्त उक्त गांव के नीरज मिश्र



पुत्र जीत नारायण, बबलेश मिश्र पुत्र बेचन मिश्र,पंचम लाल पुत्र राम करण निवासी उक्त गांव व सराय कला निवासी जय उर्फ छोटू को दबोच लिया। इस दौरान पुलिस की कड़ाई से पूछताछ मे अभियुक्तों ने जुर्म कबूलते हुए घटना के बारे मे पुलिस को पुरी जानकारी दी। चोरो ने सोने का हार, अंगीथी, झुमका, कँगन, माथ बेनी, मंगल सूत्र, चूड़ी, नाथिया सहित पांच लाख नकदी रुपये उड़ाए थे। पुलिस ने आभूषणों साहित कुछ नकदी बरामद कर सभी आरोपितों को लिखपड़ी के बाद न्यायालय पेश किया।जहाँ न्यायालय के आदेश पर अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

उधर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का भंडाफोड़ किए जाने को लेकर अधिकारियों सहित स्थानीय लोगों ने पुलिसिया कार्यशैली की जमकर सराहना किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी नीरज मिश्र व बबलेश ने चोरी की योजना बनाई थी। दोनो कई अपराधिक मामले मे अपराधी भी हैं।

मांडा में चोरी का पर्दाफास होने पर प्रेस वार्ता के दौरान एसीपी रवि कुमार गुप्ता ने मांडा इंस्पेक्टर एवं सहयोगी टीम को बधाई देते हुए कहां कि यदि चोरी होता है तो ज्यादातर दरवाजे पर बाहर से ताला बन्द कर शादी कार्यक्रम या किसी के दावत में चले जाते है तो दिन चोर रैकिंग करके वे ताला तोड़ घर के अंदर घुसकर दरवाजा बंदकर कीमती सामान ढूढ़ कर उठा ले जाते है। इस लिए गृह स्वामी अपने घर के दरवाजे पर अंडर लाकिंग ताला का प्रयोग करें। और चोरो द्वारा किए गए चोरी पर भी तरह-तरह की सुरागो पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन चारो शातिरो चोरो में एक इनके घर नौकर का काम करता था। इन्हीं सूत्रों से चोरी के 15 वें दिन ही पदार्फाश हो गया। इसमे मांडा इंस्पेक्टर ने अपनी कड़ी मशक्कत से चोरो का पदार्फाश किया।

### क्षेत्रीय लोगों का कहना

मांडा क्षेत्र में चोरी की घटना पर तरह तरह की चर्चाए फैली हुई है। एक तरफ चोरी का पदार्फाश होने पर पुलिस की सराहना तो दूसरी तरफ क्षेत्र बढ़ते अपराध पर चिन्ता जताते हुए चर्चा है कि यह तो अधिकारी के घर पर नौकर का काम करने वाला शातिर निकला और अपने मालिक के घर में ही ऐसा वारदात किया जिससे उसे जेल के सलाखों में जाना पड़ा। यही दूसरे जगह सामान्य परिवार के घर चोरी का इल्जाम देता है पदार्फाश तो दूर चोरो का सुराग ही नहीं मिलता। इस तरह से मांडा क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाए फैली रही।

# महिलाओं की समस्याओं को लेकर जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह ने मंत्री अरविंद शर्मा से की मुलाकात

**कहा - सामाजिक सुरक्षा से वंचित बांदा की महिलाओं को आश्रय, पुनर्वास, स्वरोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की समेकित योजना लागू की जाय, सौंपा मांग पत्र**

**महिलाओं के लिए सुरक्षित आश्रय और पुनर्वास की मांग पर मंत्री अरविंद शर्मा ने दिए सकारात्मक संकेत**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने लखनऊ स्थित मंत्री आवास पर नगर विकास, नगरीय रोजगार, ऊर्जा एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से मुलाकात कर जनपद बांदा की बेसहारा, पीड़ित और उपेक्षित महिलाओं की दयनीय स्थिति को लेकर एक विस्तृत संवैधानिक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में भारत के संविधान के अनुच्छेद 15(3), 16, 21 और 39 का हवाला देते हुए राज्य सरकार से आग्रह किया है कि बांदा जैसे पिछड़े ज़िलों में उन महिलाओं के लिए आश्रय, पुनर्वास, स्वरोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की समेकित योजना लागू की जाए जो घरेलू हिंसा, परित्याग, विधवापन या अन्य सामाजिक परिस्थितियों के कारण सामाजिक सुरक्षा से वंचित हैं। मुलाकात के दौरान जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि बांदा में अनेक महिलाएं हैं जिनके पास न रहने की



मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को मांग पत्र सौंपती जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल

व्यवस्था है, न रोजगार का साधन और न ही स्वास्थ्य या शिक्षा की कोई गारंटी। ऐसी परिस्थिति में कई बार वे अवसाद, आत्महत्या और बाल श्रम जैसे गंभीर संकटों में फँस जाती हैं। यह संविधान में दिए गए जीवन और गरिमा के अधिकार का सीधा उल्लंघन है।

मांग पत्र में पाँच प्रमुख मांगें जिसमे महिला आश्रय गृह की स्थापना, स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र,निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं व महिला अस्पताल तथा मानसिक स्वास्थ्य एवं विधिक सहायता केंद्र आदि शामिल हैं।

इस दौरान मंत्री अरविंद शर्मा ने उक्त मुद्दों को गंभीरता से सुना और कहा कि यह एक बहुत अच्छा और जरूरी सुझाव है, जो वास्तव में महिलाओं के हित में है। सरकार इस पर शीघ्र विचार कर कार्य योजना तैयार करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया और कहा कि महिलाओं के लिए आशियाना और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

शालिनी सिंह पटेल ने मंत्री के सकारात्मक रुख के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा, मंत्री जी ने मेरी बातों को बहुत ध्यानपूर्वक सुना और महिलाओं की पीड़ा को समझते हुए स्पष्ट आश्वासन दिया है कि वे स्वयं इस विषय को आगे बढ़ाएंगे। यह मेरे लिए नहीं, उन बेसहारा महिलाओं के लिए आशा की किरण है जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है।

यह पहल सामाजिक न्याय, समता और मानवीय गरिमा जैसे संवैधानिक मूल्यों को जमीनी हकीकत में बदलने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# नैनी के चकरघुनाथ जमुना नगर में स्ट्रीट लाइटें बनीं मुसीबत, नगर निगम की अनदेखी से परेशान लोग

**अखंड भारत संदेश**

**शिकायत के बाद भी नहीं हो रही मरम्मत, कर्मचारी कहते हैं- सभासद शिकायत करेंगे तभी बनाएंगे**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के चकरघुनाथ जमुना नगर की गलियों में स्ट्रीट लाइटें लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि नगर निगम को कई बार शिकायत करने के बावजूद स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं की जा रही है। कुछ लाइटें 24 घंटे लगातार जलती रहती हैं, जबकि कुछ पूरी तरह खराब पड़ी हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि गली में एनसीबी भी कई दिनों से खराब पड़ी है, लेकिन उसे बदलने की कोई पहल नहीं की गई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जब लोग खुद जाकर शिकायत करते हैं, तो नगर निगम के कर्मचारी साफ कह देते हैं कि जब सभासद शिकायत करेंगे तभी लाइट बनेगी। इससे लोगों में भारी नाराजगी है।

लोगों का यह भी आरोप है कि जब कभी कर्मचारी लाइट ठीक करने आते हैं, तो आम नागरिकों से उलझ पड़ते हैं और कहते हैं कि हम किसी के नौकर नहीं हैं। इस व्यवहार से जनता में रोष व्याप्त है और वे नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों एवं क्षेत्रीय पत्रकार देवशीष श्रीवास्तव व स्थानीय निवासी राकेश शर्मा ने मांग की है कि जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत की जाए और खराब एनसीबी को बदला जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# मेधावी छात्रों को एलबीएस पालिटेक्निक द्वारा किया गया सम्मानित

**अखण्ड भारत सन्देश**

**मांडा।** लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक मांडा प्रयागराज द्वारा क्षेत्र के अभिराजी विहार पब्लिक स्कूल मांडा और लॉर्ड बुद्धा स्कूल एंड कॉलेज के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों को दीवार घड़ी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी पवन केशरी ने मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को तकनीकी शिक्षा तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास आदि योजनाओं के बारे में छात्रों को जागरूक किया। अभिराजी बिहार कॉलेज से इंटरमीडिएट वर्ग में ऋषिता पांडेय, धीरेश गुप्ता हाई स्कूल वर्ग में अंजलि, नीतिस यादव को तथा लॉर्ड बुद्धा स्कूल एंड कॉलेज से इंटरमीडिएट वर्ग में दीपक कुमार और अंजली मौर्य हाई स्कूल वर्ग में



एलबीएस पालिटेक्निक द्वारा सम्मानित बच्चे

नीतीश कुमार और आंचल मौर्य को बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मेधावी सम्मान कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक स्टाफ भार्गव प्रकाश मौर्य, पवन केसरी अमरेंद्र प्रताप सिंह, सुनील पांडेय, रवि शंकर केसरवानी के साथ संबंधित कॉलेज के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

# चौबीस घंटे बाद माने परिजन, मृतक युवक का हुआ अंतिम संस्कार



अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद भारी पुलिस

## एसडीएम व सीओ के आश्वासन पर माने परिजन

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** भूमि विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मांग पूरी होने पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए। जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव में गुरुवार सुबह भूमि विवाद में ओम कैलाश दुबे के 19 वर्षीय बेटे अमन दुबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।शाम को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर घर चले आए और शुक्रवार सुबह घर पर ही शव रखकर धरना प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर पहुंचे एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद व पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज सिंह रघुवंशी पट्टी कोतवाल आदित्य सिंह व रानीगंज इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह मौके पर पहुंच गए तथा परिजनों को समझने का प्रयास किया लेकिन मांग पूरी होने पर ही अंतिम संस्कार की बात पर परिजन अडे रहे। काफी देर बाद प्रशासन व ग्रामीणों के समझाने पर परिजनों ने अधिकारियो को एक पत्र दिया जिसमें परिवार को शस्त्र लाइसेंस, सभी आरोपितों की गिरफ्तारी ,विवादित भूमि का अविलंब निपटारा व गोली से घायल सरिता का इलाज तथा कुछ दिनों तक पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और एडिशनल एसपी व सीओ की देखरेख में विवेचना की मांग की। इस पर एसडीएम व सीओ पट्टी ने परिजनों के सभी मांगे पूरा कराने का आश्वासन दिया। जिस पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए मान गए और घर से शव ले जाकर प्रयागराज में अंतिम संस्कार कर दिया। जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## दो गज जमीन के लिए चली गई अमन की जान

**रवींद्र मिश्रा**

**बेलखरनाथ धाम।** दो गज जमीन को लेकर हुए विवाद में युवक की जान चली गई जबकि बीच बचाव करने आई उसकी चाची भी गोली लगने से घायल हो गई और वह भी जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पल भर में ही दो परिवार तबाह हो गये। अगर प्रशासन मामले में जल्द से जल्द सक्रिय हो जाता तो अमन की जान नहीं जाती।



मृतक अमन की फाइल फोटो

जमीनी विवाद को लेकर आए दिन जिले में घटनाएं होती रहती है। प्रशासनिक अधिकारी जमीनी विवाद को जल्द से जल्द सुलझाने का भी प्रयास करते रहते है लेकिन कुछ अधिकारियों की वजह से मामले का निस्तारण नहीं हो पाता। कुछ ऐसा ही वाक्या पट्टी कोतवाली के महोखरी गांव में गुरूवार को देखने को मिला। जहां पर आबादी की दो गज जमीन के लिए दो सम्पन्न परिवार पूरी तरह से बिखर गया। जबकि इस भूमि विवाद की शिकायत भी पहले की गई थी। लेकिन प्रशासन मामले में उदासीन बना रहा। ग्रामीणों में इस बात की चर्चा शुक्रवार को दिन भर रही। ग्रामीणों का कहना है कि कि दोनों परिवार में सम्पन्नता है किसी भी चीज की कमी नहीं है।लेकिन एक छोटे से जमीन के टुकड़े के लिए लोग इस तरह खून के प्यासे हो जाएंगे यह किसी ने सोचा नहीं था।इस बात की चर्चा लोगों की जुबान पर रही फिलहाल घटना के बाद गांव में मातम व सन्नाटा पसरा हुआ है।पट्टी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।



## अपने भक्तों की सदैव रक्षा करते हैं भगवान : भागवताचार्य

**प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत मंसाराम का पुरवा गांव में श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन बोलते हुए कुल गुरु राकेश शुक्ला ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने लोगों को अपनी लीलाओं के द्वारा यह संदेश दिया है कि जो उन्हें निश्चल भाव से भजता है उसकी रक्षा करने के लिए वह सब कुछ करने के लिए तैयार रहते हैं। कथा में उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर उपस्थित लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान उन्होंने बकासुर, अघासुर, कालिया नाग के साथ यही रुक्मणी विवाह तक का वर्णन किया इस दौरान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की गई श्रीमद् भागवत कथा में बोलते हुए उन्होंने ब्राह्मण के घमंड को चकनाचूर करने का भी प्रसंग सुनाया। इस दौरान बताया कि ब्रह्मा जी ने गोप गोपियों की निवेदनकरने पर गए तथा बछड़ों को चुरा लिया था को गोपियों के निवेदन करने पर श्रीकृष्ण ने वैसे ही गए व बछड़ा को उन्होंने खुटो पर अपनी योग माया से बांध दिया था।इस बात का जब ब्रह्मा को भान हुआ तो उन्होंने वहां पर जाकर श्रीकृष्ण की स्तुति किया और अपनी इस धृष्टता के लिए माफी मांगी उन्होंने आगे कहा कि इसी तरह एक बार इंद्र को भी अहंकार हो गया और उन्होंने अपने अहंकार के मद में आ कर गोकुल को डुबो देने की नीयत से घनघोर वर्षा किया।इस बरसात से सभी लोगों सभी लोग व्याकुल हो गए अपने प्राणों की रक्षा करने के लिए श्री कृष्ण से याचना किया गोपो की रक्षा करने के लिए उन्होंने गोवर्धन पर्वत को छत के रूप में उठाकर लोगों को जहां रक्षा किया वहीं इंद्र के इस घमंड को चकनाचूर किया उन्होंने अपने इस कथा में के दौरान जरासंध, और शिशुपाल की कथा का वर्णन किया इसके साथ ही रुक्मणी विवाह का विस्तार से वर्णन किया। श्री कृष्णा और रुक्मणी विवाह की झांकी भी प्रस्तुत की गई लोगों ने श्री कृष्ण की इस झांकी पर पूरी जोर ढंग से स्वागत एवं बंधन किया इस कथा का आयोजन कृष्ण कृपा शंकर मिश्र एवं उमाशंकर मिश्र द्वारा किया जा रहा है कथा में भारी संख्या श्रद्धालुओं एवं भक्तों उमड़ की भीड़ रही है इस अवसर पर सर्वश्री लक्ष्मी शंकर शर्मा,आशाराम मिश्र, जमुना प्रसाद मिश्रा, ओमप्रकाश दुबे,महेंद्र दुबे, रविंद्र दुबे माताफेर मिश्र, रिचा मिश्र पुरुषोत्तम द्विवेदी, श्यामलाल मिश्रा, लालचंद मिश्रा, बच्चा तिवारी शिव प्रकाश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### तीन भैंस व मैजिक डाला सहित मवेशी चोर गिरफ्तार

**बेलखरनाथ धाम।** कंधई पुलिस ने मवेशी चोर को मैजिक डाला सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गुरुवार की रात दो बजे मैजिक डाला पर तीन भैंस लादकर दूसरे जनपद बेचने जा रहे मवेशी चोरों को पुलिस ने गुतौली गांव से गिरफ्तार कर लिया।दबिश के दौरान एक मवेशी चोर भागने में सफल रहा। सुबह मवेशी चोरों के खिलाफ कधंई पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गुतौली गांव निवासी जावेद को जेल भेज दिया गया।एसओ कंधई गुलाबचंद सोनकर ने बताया कि चोरी की भैंस लादकर गैर जनपद बेचने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन भैंस तथा वाहन को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया, वही दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

### पिटाई के मामले में मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोईं गांव निवासिनी फूलमती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते बुधवार की दोपहर बेटा रणजीत को रास्ते रोककर गांव के कुछ लोगों ने लाठी डंडे से पीटकर अधमरा कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के अस्पताल भेजवाया। फूलमती की तहरीर पर पुलिस ने गोंई निवासी मोहम्मद नसीम के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर किया है।

### विवाहिता ने मारपीट का लगाया आरोप

**पट्टी।** विवाहिता ने ससुराली जनों पर मारपीट करने के आरोपों की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रघुईपुर गांव की रहने वाली तारावती पत्नी उमेश वर्मा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके पति ने दूसरी शादी रचा ली है। वह उसके साथ परदेश रहता है जबकि वह अपने 13 वर्षीय बेटे के साथ ससुराल में ही रहकर जीवन गुजर बसर कर रही है। मामले में विवाहिता ने न्यायालय में वाद दायर किया है जो विचाराधीन है। आरोप है कि बृहस्पतिवार की सुबह 7 के आसपास उसके जेठ-जेठानी, देवर व भतीजे ने एक राय होकर उसे लाठी डंडे से जमकर मारा पीटा और घर से भाग जाने के साथ ही मुकदमा वापस लेने की धमकी दी। पीड़ित महिला मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### बारात में युवक को दबंगों ने पीटा

**पट्टी।** बारात में शामिल होने गए युवक को पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने जमकर मारा पीटा। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे सुखचैन चरैया गांव निवासी रामजी पुत्र अमरनाथ गौतम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह कोतवाली क्षेत्र के गजरिया गांव में बारात में शामिल होने गया था। जहां पर गांव के ही युवक जिससे उसकी पुरानी रंजिश चली जा रही है ने उसे मां बहन की गालियां देते हुए लात-घूंसों से जमकर मारा पीटा। बृहस्पतिवार की दोपहर पीड़ित मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचा और मामले की नामजद तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चोरों ने दुकान का ताला तोडकर हजारों का सामान चुराया

**पट्टी।** एक माह पूर्व हुई चोरी का खुलासा भी नही हो पाया था कि चोरों ने पुनः उसी दुकान पर हाथ साफ कर दिया। महिला ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पूरेकिशुन गिरि गांव निवासी मदीना खान पत्नी सरवर खान ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि गांव के चैराहे पर उसने किराने की दुकान खोल रखी है। पिछले महीने के 2 अप्रैल 2025 को उसके दुकान पर चोरी हो गई थी। जिसकी शिकायत उसने अमुवाही चैकी पर की थी। जिसमें कोई कार्रवाई नही की गई। चोरों ने पुन 6 मई 2025 को उसकी दुकान पर ताला तोडकर लगभग 40 हजार रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों के ऊपर कोई कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद है। भुक्तभोगी ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### हरे पेड़ काटे जाने पर वन विभाग ने किया जुमार्ना

**प्रतापगढ़।** अवैध रूप से हरे पेड़ काट लिये जाने की शिकायत तीन आरोपियों के खिलाफ वन विभाग ने जुमार्ना ठोंका है। जुमार्ना अदा न किये जाने पर आरोपियों को विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के कालाकांकर वन रेंज क्षेत्र अन्तर्गत नरायनपुर पूरे बसन्तराय व लोहंगपुर में अवैध रूप से हरे पेड़ काटे जाने की शिकायत ग्रामीणों ने वन विभाग से की। इस पर वन दरोगा मो. इलियास ने जांच की तो शिकायत सही पायी गयी। वन दरोगा ने बताया कि लोहंगपुर में नीम का हरा पेड़ काटे जाने के आरोप में गांव निवासी विशम्भर गुप्ता तथा नरायनपुर में हरे पेड़ काटने पर रायबरेली जनपद के नुरूददीनपुर सलोन निवासी त्रिभुवन पर आठ-आठ हजार का जुमार्ना तथा पूरे बसन्तराय में हरा पेड़ काटे जाने पर जसमेढ़ा निवासी उत्तम द्विवेदी पर तीस हजार का जुमार्ना किया गया है। जुमार्ना अदा न करने पर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** शौच के लिए निकली किशोरी के गायब हो जाने के आरोप को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्नीस मार्च को रात करीब आठ बजे उसकी सोलह वर्षीया पुत्री घर से शौच के लिए निकली थी लेकिन घर वापस नहीं लौटी। परेशान परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो जानकारी हुई कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के कमल्दीचक निवासी निरहू पुत्र छोटेलाल किशोरी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार 10 मई को पूर्वान्ह 10 बजे से जनपद न्यायालय, वाह्य न्यायालय कुण्डा, वाह्य न्यायालय लालगंज अझारा, ग्राम न्यायालय पट्टी सहित सभी तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिवध्अपर जिला जज सुमित पंवार ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते से मुकदमों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होने इस अवसर पर वादकारियों से अपेक्षा किया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाये।

# जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं प्रस्तावों को गम्भीरता से निस्तारण करायें : सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक विकास भवन के सभागार में सांसद डा0 शिवपाल सिंह पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक बाबागंज विनोद सरोज, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि राय साहब, शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, विधायक रानीगंज के प्रतिनिधि बीएल पटेल, विधायक सदर के प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, एमएलसी डा0 महेन्द्र सिंह के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, जिला विकास अधिकारी केएन पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, ब्लाक प्रमुख व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने





बैठक की अध्यक्षता करते सांसद डा0 शिवपाल सिंह पटेल

पूर्व दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों के उठाये के मुद्दोंध्सुझावों पर की गयी कार्यवाहियों के महत्वपूर्ण बिन्दुओं क्रमशः महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायत कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सर्व शिक्षा अभियान, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना आदि के सम्बन्ध में अनुपालन आख्या व की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध मे जानकारी दी जिस पर जनप्रतिनिधियों द्वारा सहमति दी गयी।बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत की गयी कि विभागीय कार्यक्रमों व योजनाओं के बारे में अधिकारियों द्वारा जानकारी नही दी जाती है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित योजनायें आनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध है जिसे जनप्रतिनिधियों को पोर्टल के लिंक के बारे में जानकारी उपलबध करा दी जाये जिससे योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके। सांसद ने कहा कि अमृत सरोवरों एवं तालाबों में जल भरा दिया जाये जिससे पशु-पक्षियों को पीने हेतु पानी की समस्या न होने पाये जिस पर परियोजना निदेशक ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत स्तर पर नहरों या सरकारी ट्यूबेल के माध्यम से 502 अमृत सरोवरों व तालाबों में पानी भराया जा चुका है एवं शेष अमृत सरोवरों व तालाबां पानी जल्द से जल्द भरा दिया जायेगा। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के सम्बन्ध में सांसद ने कहा कि आपदा से प्रभावित लोगों, दिव्यांगजनों, विधवा महिलाओं को आवास का लाभ शत प्रतिशत दिलाया जाये, इसके अतिरिक्त अन्य पात्र लाभार्थियों को भी पारदर्शिता के साथ जांच कराकर आवास योजना का लाभ दिया जाये तथा जिनके पास आवास बनाने के लिये जमीन नही है उन्हें जमीन उपलब्ध कराकर आवास का लाभ दिलाया जाये। बैठक में विधायक विश्वनाथगंज व अन्य जनप्रतिनिधियों ने कहा कि धान का बीज एवं खाद कृषकों को समय उपलब्ध नही हो पाता है जिस पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा आश्वस्त किया गया कि समय रहते धान का बीज एवं खाद कृषकों के लिये उपलब्ध रहेगी। निःशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम के अन्तर्गत निजी शिक्षण संस्थानों में गरीब छात्रों के प्रवेश हेतु जानकारी ली गयी तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले वर्ष 597 गरीब बच्चों का एडमिशन कराया गया था, इस वर्ष 1213 गरीब बच्चों को निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश दिलाया गया है। अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण में सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों ने शिकायत करते हुये बताया कि कहीं कहीं पर अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण करा दिया जाता है लेकिन आने जाने के रास्ते का ध्यान नही दिया जाता जिस पर सांसद ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण के दौरान आने-जाने के लिये सार्वजनिक मार्ग बनवाये जाये। सांसद ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया जिन नहरों पर आवागमन बाधित हो रहा है, वहां पर जांच कराकर पुलिया का निर्माण करा लिया जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने सांसदध्अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुये कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी दिशा निर्देश व शिकायतें प्राप्त हुई है उसका सम्बन्धित अधिकारी शत प्रतिशत निर्वहन करेगें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों को विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों से जोड़े। अधिकारीगण जनप्रतिनिधियों को फोन अवश्य उठाये और यदि किसी कारणवश फोन नही उठा तो काल बैक अवश्य करें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से लेखपाल की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** नगर के बैलना कुटी चैराहे पर गुरूवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल लेखपाल की मौत को गयी। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। पीएम के बाद शुक्रवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जनपद के पटटी तहसील अन्तर्गत मानापुर आसपुर देवसरा निवासी बत्तीस वर्षीय सचिन सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह यहां लालगंज तहसील में बीते करीब सात माह से लेखपाल पद पर कार्यरत थे। वह यहां लालगंज में अपनी पत्नी अनुष्का के साथ किराये का कमरा



मृतक लेखपाल सचिन सिंह की फाइल फोटो

लेकर रहते थे। लेखपाल सचिन गुरूवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अपने कमरे से किसी काम से सड़क पर निकले थे। इसी बीच बैलना कुटी चैराहे पर अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। तेज शोर सुनकर आसपास के दुकानदार वहां पहुंचे तो घायल को देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल लेखपाल को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां प्राथमिक निरीक्षण के बाद चिकित्सकों ने लेखपाल सचिन को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मृतक की पत्नी अनुष्का, मां अनीता, पिता शिवशंकर तथा परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। लेखपाल की मौत की जानकारी होने पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार सरोज समेत राजस्वकर्मियों की अस्पताल में भीड़ जुटी गयी। मृतक के कोई संतान नही थी। वह तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। घटना से परिवार के लोगों का रो रो कर बुराहाल है। पीएम के बाद परिजनों ने ढखवा बाजार के इब्राहिमपुर समीप स्थित गोमती नदी में मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## दुकान में घुसकर महिला की पिटाई, केस दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** दुकान लगाने को लेकर दो सगे भाइयों ने महिला की दुकान के अंदर घुसकर पिटाई कर दी जिसमें महिला बुरी तरह घायल हो गई। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के देवलहा निवासी लवकुश उमरवैशय की पत्नी अनसुईया परिवार के जीविकोपार्जन के लिए दिलीपपुर बाजार में दुकान खोल रखी है। बुधवार रात 8 बजे दुकान लगाने को लेकर पड़ोसी पवन व संदीप के बीच कहासुनी होने लगी। इसी दौरान महिला के दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे मना करने पर अनसुईया को दोनों भाईयों ने लाठी डंडे से पिटाइ कर दी।आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले।घायल महिला को इलाज के सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम भेजा गया।गुरुवार को अनसुईया की तहरीर पर दिलीपपुर के पवन कुमार व संदीप कुमार दो सगे भाइयों के खिलाफ दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पुलिस कर रही है।

# जागरण कार्यक्रम में कलाकारों ने भक्ति संगीत से बांधी समां

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** क्षेत्र के गोविन्द नगर पड़किया स्थित शिवधाम परिसर में गुरूवार की रात आयोजित जागरण कार्यक्रम में कलाकारों ने भक्ति संगीत के जरिए समां बांधी। कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ो श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। शिव धाम परिसर में कलाकारों ने मां सरस्वती व गुरू की स्तुति से कार्यक्रम शुरू किया। श्रीगणेश वंदना, मां काली, वीर हनुमान, शिव ताण्डव आदि के जरिए भावनृत्य से कलाकारों ने दर्शकों को भक्ति रस में डुबोये रखा। वहीं कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए हम करें राष्ट्र आराधना, मंगलकारी हैं हमारी गोमाता जैसे गीतों के जरिए राष्ट्र प्रेम व सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया।



भक्ति संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

कार्यक्रम का संयोजन व संचालन सांकृत परिवार द्वारा किया गया। समापन के बाद श्रद्धालुओं ने आरती में सहभागिता की और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर देवानन्द मिश्र, पारसनाथ, श्याम नारायण रंजन, राम, अनूप प्रतापगढ़ी, ओमप्रकाश पाण्डेय, उषा, मीरा, पवन प्रखर, अनीता, श्रीप्रकाश, अंकुर, अंशज, अनुज, श्रेया, प्रिया, डॉली, आकांक्षा, सौम्या, शालिनी, पूनम, स्मृति मिश्र, संध्या व जयप्रकाश पाण्डेय, प्रेम प्रकाश पाण्डेय, अम्बुज, अंकित, श्रेयांश आदि मौजूद रहे।

# संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में अनिल महेश अध्यक्ष व हरिश्चंद्र महामंत्री निर्वाचित

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के चुनाव मे शुक्रवार की देर शाम आये नतीजे मे पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश एक बार फिर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। वहीं अधिवक्ता हरिश्चंद्र पाण्डेय महामंत्री निर्वाचित हुये। अनिल त्रिपाठी महेश इसके पहले भी चार बार संघ के अध्यक्ष रह चुकें हैं। वह इस चुनाव में पांचवी बार भी अध्यक्ष होने का रिकार्ड बनाने में सफल रहे। समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में चुनाव समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल व महामंत्री विकास मिश्र ने संयुक्त रूप से चुनाव परिणामों की जैसे ही घोषणा की विजयी उम्मीदवारों के समर्थक खुशी से झूम उठे। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में शांति और व्यवस्था को लेकर मतदान एवं मतगणना के समय एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

रामसूरत सोनकर व लालगंज तथा उदयपुर एवं सांगीपुर व लीलापुर के थानाध्यक्ष भारी फोर्स के साथ डटे दिखे। चुनाव परिणामों के तहत वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अम्बुज कुमार पाण्डेय व उपाध्यक्ष पद पर आशीष कुमार तिवारी निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष पद पर अनिल महेश ने पचीस मतों से निकटतम प्रतिद्वंदी राजेशचंद्र तिवारी को पराजित किया। महामंत्री पद पर हरिश्चंद्र पाण्डेय ने छत्तीस मतों से निकटतम प्रत्याशी शिवरंजन यादव को शिकस्त दी है। अध्यक्ष पद पर अनिल त्रिपाठी महेश को एक सौ इक्यान्वे तथा निकटतम प्रतिद्वंदी राजेशचंद्र तिवारी को एक सौ छाछठ मत मिले। वहीं पूर्व अध्यक्ष राम मोहन सिंह को अस्सी तथा निवर्तमान अध्यक्ष संदीप सिंह को एक सौ अटठाईस मत मिले। पूर्व महामंत्री संतोष पाण्डेय को मात्र पन्द्रह मतों से संतोष करना पड़ा। महामंत्री पद पर जीते हरिश्चंद्र पाण्डेय को एक सौ नवासी, निकटतम प्रतिद्वंदी शिवरंजन यादव को एक सौ तिरपन, लाल स्नेहांश प्रताप सिंह को एक सौ बयालिस, अरविन्द कुमार पाण्डेय को सैतीस व संतोष कुमार सरोज को बीस मत हासिल किये। वहीं उपाध्यक्ष सिविल पद पर निर्वाचित हुए अम्बुज कुमार पाण्डेय को दो सौ तैंतालिस, निकटतम प्रतिद्वंदी अबरार अहमद को एक सौ चैबीस, नीलेश बहादुर सिंह को एक सौ दस व शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी को एक सौ तीन मत मिले। अम्बुज पाण्डेय ने एक सौ उन्नीस मतों से जीत हासिल की। उपाध्यक्ष पद पर सीधी लड़ाई में निर्वाचित आशीष कुमार तिवारी को तीन सौ चार मत मिले। वहीं राजेश कुमार द्विवेदी को दो सौ पचहत्तर मत हासिल हुए। वही कोषाध्यक्ष पद पर हरिनारायण पाण्डेय, आय व्यय निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी, सह मंत्री अमित मिश्र, प्रचार मंत्री अभिषेक शुक्ला तथा सदस्य कार्यकारिणी पद पर नवनीत पाण्डेय, सुमित वत्सल, दुर्गेश त्रिपाठी, इमरान, अतुल मिश्र को भी निर्विरोध जीत का प्रमाण पत्र सौपा गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को चुनाव समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र व एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने विजयी प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज कुमार पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष आशीष कुमार तिवारी तथा महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने अधिवक्ताओं के प्रति समर्थन को लेकर आभार जताया। इस मौके पर चुनाव समिति के संरक्षक वीरेन्द्र सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, कमलेश त्रिपाठी, शिवाकांत उपाध्याय, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, करूणाशंकर मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा, रामलगन यादव, रमेश पाण्डेय भी मौजूद रहे।

# जिले के विकास के बड़े मुद्दों में नहीं छोटे-छोटे मुद्दों तक सीमित रह गयी दिशा की बैठक

**शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, विद्युत एवं सड़क को प्रथम वरीयता देते हुए इनसे सम्बन्धित समस्याओं का जल्द हो निस्तारण-सांसद**



**कौशाम्बी।** सांसद पुष्पेन्द्र सरोज की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। सांसद ने दिशा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, विद्युत एवं सड़क को प्रथम वरीयता देते हुए इनसे सम्बन्धित समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने पूछा की पिछली बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूह के गठन बढाये जाने के निर्देश दिए गये थे उस पर क्या कार्यवाही हुई उस पर उन्हें अवगत कराया गया कि समूह गठन का लक्ष्य 2726 था विभाग द्वारा 2769 समूहों का गठन किया गया जोकि 101.57 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन एवं पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना लाभार्थियों के पेंशन की धनराशि ससमय उनके खातों में उपलब्ध करायी जाय एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय तथा इस कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्डवार कराया जाय। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जहाँ कहीं पर भी सड़कों के निर्माण कार्य कराया जाना है, उसकी सूची उपलब्ध करायी जाय, इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं प्रधानों से समन्वय कर इसका स्टीमेट शासन को भेजें। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान कहा कि आवास से सम्बन्धित जो भी सर्वे का कार्य चल रहा है, उसे पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ किया जाय, जिला पंचायत राज अधिकारी को विशेष सफाई अभियान चलाकर गाँवों में साफ-सफाई एवं फॉगिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। सांसद ने जल-जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पाइप-लाइन बिछाने के दौरान तोडी गयी सड़क को उसी प्रकार सड़क बनाये जाने के बाद भुगतान किया जाय तथा ग्राम प्रधानों एवं ग्राम विकास अधिकारियों से भी जानकारी लें कि खोदी गयी सड़क बन गयी या नहीं, नगर निकायों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था एवं संचारी रोगों से बचाव का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जल-जीवन मिशन के तहत जहाँ-जहाँ पर पानी की टंकियों का निर्माण कार्य कराया गया है उसकी सूची उपलब्ध करायी। सांसद ने कहा कि पिछली बैठक में विद्युत बिल ज्यादा आने की शिकायत की गयी थी जिस पर अधिशासी अभियन्ता विद्युत ने अवगत कराया कि अधिक बिल आने की शिकायतों का संज्ञान लेकर नयी एजेंसी हायर कर पिछले दो माह में 90 प्रतिशत बिलों को सही करा दिया गया। सांसद ने कहा कि जहाँ कहीं भी विद्यालयों के ऊपर हाईटेंशन तार गये है उन्हें हटाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। उन्होंने सिराथू में कछुवा के पास स्थित ट्रामा सेंटर में मूलभूत सुविधाए बढाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एन0एच0आई0 के अभियन्ता से कहा कि इस ट्रामा सेंटर के पास निकल रहे हाईवे से ट्रामा सेंटर जाने के लिए कट बनाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में सदस्य द्वारा शिकायत की गयी कि न्याय पंचायत दारानगर में ग्राम गडरिया के पुरवा देवीगंज में विद्युत के पोल लगाये गये है गाँव में आखरी तीन खम्भों में तार नही खीचा गया है इससे कई लोगों को विद्युत आपूर्ति बन्द है जिस पर सांसद द्वारा सम्बन्धित को एक हफ्ते में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर, सिराथू विधायक डॉ0 पल्लवी पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारीगण अरूण कुमार एवं प्रवुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## बाल गृह के बच्चों को पढ़ाई के लिए करें प्रेरित : डीएम



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड तथा चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्यो की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अध्यक्ष बाल कल्याण समिति द्वारा बताया गया कि माह अप्रैल, 2025 में 31 मामले आये जिनमें 21 मामलों में काउन्सिलिंग एवं विधिक प्रक्रिया के उपरान्त बच्चों को परिवार में पुर्नवासित किया गया। शेष मामलों में विधिक प्रक्रिया प्रचलित है।बाल कल्याण समिति के आदेश से आवासित राजकीय बालगृह प्रयागराज, राजकीय बालगृह रामनगर वाराणसी, राजकीय बालगृह मोहन रोड लखनऊ एवं दृष्टि सामाजिक संस्थान लखनऊ, राजकीय बालगृह कानपुर तथा जनपद कौशाम्बी स्थित दीपमाला सामाजिक संस्था तिल्हापुर का निरीक्षण माह अप्रैल 25 में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सदस्यगण द्वारा किया गया। निरीक्षणकर्ता सदस्य द्वारा निरीक्षण के दौरान संस्थाओं में रह रहे बच्चों के खान-पान रहन, सहन को देखते हुये उन्हें उचित दिशा-निर्देश देकर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। बाल कल्याण समिति द्वारा अप्रैल, 2025 में बाल-विवाह के मामले में एक बाल विवाह में बालिका की शादी रोकी गयी तथा परिजनों द्वारा सम्पन्न कराये गये 02 बाल विवाह के मामलों में थाना-कोखराज एवं थाना करारी के माध्यम से मुकदमा पंजीकृत कराया गया। बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुये बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की कार्यवाही जिलाधिकारी के निर्देशन में की जा रही है। बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी, मानव तस्करी रोधी इकाई, जिला बाल संरक्षण इकाई, आदि के साथ बाल श्रम मुक्त अभियान के अन्तर्गत रेस्क्यू अभियान संचालित किया जा रहा है। 04 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराते हुये 03 भट्ठों के नियोक्ताओं के प्रति कार्यवाही की गयी। सदस्य किशोर न्याय बोर्ड द्वारा बताया गया कि इस माह बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। किशोर न्याय बोर्ड में अप्रैल से पूर्व 457 मामले लम्बित थे 09 नवीन मामले माह के दौरान प्राप्त हुये 13 मामलों का निस्तारण किया गया। वर्तमान में 453 प्रकरण लम्बित है जिस पर विधिक कार्यवाही प्रचलित है डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि बाल श्रम एवं बाल विवाह मुक्त किये जाने हेतु अभियान का संचालन किया जाये तथा प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग लगवायी जाये। बाल कल्याण समिति किशोर न्याय बोर्ड एवं चाइल्ड हेल्पलाइन में लम्बित प्रकरणों पर काउन्सिलिंग, फालोअप एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही प्रचलित करते हुये पेन्डेन्सी कम की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अध्यक्ष सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, संरक्षण अधिकारी एवं चाइल्ड हेल्पलाइन कोआर्डिनेटर उपस्थित रहें।

## रेल लाइन पर दो टुकड़े में मिला बालिका का शव


**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के सुजातपुर स्टेशन के पास रेल लाइन में दो टुकड़ों में बालिका का शव मिला है बालिका की उम्र लगभग 20 वर्ष बताई जाती है बालिका की मौत कैसे हुई है यह बड़ी जांच का विषय है हला कि स्थानीय पुलिस का कहना है कि डी एफ सी लाइन में ट्रेन की चपेट में आने से एक बालिका की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम करीब चार बजे कानपुर से प्रयागराज की तरफ जा रही मालगाड़ी के इंजन के आगे एक बालिका कूद गई। जिससे उसका सिर और धड़ अलग अलग हिस्सों में बंट गया। सूचना पर मौके पर पहुँची शहजादपुर चौकी प्रभारी मनीष पाल ने शव के शिनाख्त का काफी प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि बालिका हरे रंग का शूट व गुलाबी रंग का सलवार पहन रखी थी। मौके की परिस्थितिया ट्रेन दुर्घटना से इनकार कर रही है।

## निरीक्षण दर निरीक्षण सकते में कौशाम्बी का पुलिस महकमा

**सैनी और मोहब्बतपुर पइंसा कोतवाली का एसपी ने किया औचक निरीक्षण**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक के पद पर चार्ज लेने के बाद एसपी राजेश कुमार लगातार संपूर्ण जनपद के थाना क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर रहे हैं ।एसपी के औचक निरीक्षण से पूरे पुलिस महकमे में अफरा तफरी का माहौल मचा हुआ है ।एसपी के इस ताबड़तोड़ निरीक्षण से पूरे जनपद के पुलिस महकमे में अंदरुनी उथल-पुथल मचा हुआ है। पुलिसिया व्यवस्था में सुधार बनाए रखने के लिए एसपी राजेश कुमार द्वारा लगातार थाना क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है ताकि कानून व्यवस्था सुदृढ़ और सुचारू रूप से चल सके इसी क्रम में शुक्रवार को एसपी राजेश कुमार ने जनपद के थाना सैनी



और थाना मोहब्बतपुर पइंसा का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान एसपी राजेश कुमार ने दोनों थाना प्रभारी को थाना परिसर में निरंतर साफ सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया ।एसपी ने अभिलेखों के रखरखाव एवं महिला हेल्प डेस्क और बंदीगृह का निरीक्षण किया। एसपी ने दिए गए निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने का निर्देश दिया। किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर कार्यवाही का निर्देश दिया।

## जमीन की सर्किल रेट की सूची चस्पा मांगी गई आपत्तियां

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** इच्छुक व्यक्ति प्रस्तावित सर्किल दरसूची का अवलोकन कर 24 मई तक अपनी आपत्ति/सुझाव लिखित रूप में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से कर सकते है प्रस्तुत उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली के अंतर्गत जिला कलेक्टर कौशाम्बी द्वारा प्रचलित सर्किल भू-दरसूची (जो माह सितम्बर 2022 से प्रचलित है) को पुनरीक्षित संशोधित करने की प्रक्रिया चल रही है। व्यापक सर्वेक्षण तथा फील्ड के राजस्व अधिकारियों तहसीलदार उप जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों, विल्डर कोलोनाइजरों तथा अधिवक्ताओं एवं डीड राइटरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर दरसूची पुनरीक्षण हेतु तीनों उपजिला मंझनपुर चायल, सिराथू की प्रस्तावित पुनरीक्षित संशोधित सूची तैयार कर ली गयी है, जिसकी प्रतियाँ सम्बन्धित उपनिबन्धक तहसीलदार उपजिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहायक आयुक्त स्टाम्प कलेक्ट्रेट कौशाम्बी के नोटिस बोर्ड व कार्यालय में जनसाधारण को अवलोकनार्थ सर्व सुलभ है। इच्छुक व्यक्ति प्रस्तावित सर्किल दरसूची का अवलोकन कर दिनांक 24.5.2025 तक उपरोक्त किसी भी कार्यालय में अपनी आपत्ति सुझाव लिखित रूप में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर दिनांक 26.05.2025 को समय 04:00 बजे कलेक्ट्रेट कौशाम्बी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक आम बैठक की जायेगी, जिसमें जनसाधारण द्वारा प्राप्त आपत्तियों सुझाव पर विचार करते हुए उनका समुचित/ युक्ति-युक्त निस्तारण किया जायेगा। बैठक में दरसूची से सम्बन्धित आपत्तियों/ सुझाव पर चर्चा करने के लिए इच्छुक व्यक्ति स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। दिनांक 24.5.2025 के बाद प्राप्त आपत्तियों सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा।

## राष्ट्रीय सनातन सेना भारत संघ के प्रदेश महामंत्री बने अखिलेश दुबे

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय सनातन सेना भारत संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार की शाम को लेटर जारी कर अखिलेश दुबे को प्रदेश का महामंत्री बनाया गया है। इस बात की जानकारी होते ही संगठन के लोगों के साथ-साथ अखिलेश दुबे के चाहने वालों में खुशी की लहर दौड गई। जरिए फोन व उनके पास पहुच कर लोगो ने मिठाई खिला कर अखिलेश दुबे को बधाई दिए।राष्ट्रीय सनातन सेना भारत संघ में अखिलेश दुबे काफी दिनों से पदाधिकारी के पद पर कार्य कर रहे थे। राष्ट्रीय सनातन सेना भारत संघ उनके कार्यो की सराहना करते हुए बुधवार को राष्ट्रीय सनातन सेना भारत संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अखिलेश दुबे को महामंत्री पद के लिए घोषणा किए। यह घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं० भगवती प्रसाद शुक्ल ने किया। उन्होने लेटर जारी करते हुए कहा कि संघ को मजबूत करने का कार्य करेगे इस दौरान अखिलेश दुबे को फूल मालाओ से लाद दिया गया और मिठाई खिला कर बधाई दिया गया। वही अखिलेश दुबे के इस पद पर आने को लेकर बात किया गया तो उनका कहना है, कि जिस प्रकार से उन पर संघ ने भरोषा जताया है और उनको प्रदेश का महामंत्री बनाया गया है, वह उनके भरोसे पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेगे, और संघ को मजबूत बनाने का काम करेगे। इस मौके पर अर्थव देवी शंकर, नितीन तिवारी, वीपी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम साहब रोजगार के लिए मिले पैसे को भाई-बहन ने कर लिया गबन

**भाई बहन की जोड़ी पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप, जांच के आदेश**

**कौशाम्बी।** जहां एक और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में रोजगार को बढ़ाने के लिए दिन रात एक कर रहे हैं। लोगों को अधिक से अधिक स्वरोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं लेकिन कौशाम्बी जिले में भाई-बहन की जोड़ी सरकार की इस योजना को अपनी कमाई का जरिया बनकर कुंडली मारकर बैठ गई है। मामले में पीड़ित युवक ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। मामले में जांच कर कार्यवाही के आदेश दे दिए हैं। मामले में जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए पीड़ित मंझनपुर तहसील क्षेत्र के टेंनशाह आलमबाद निवासी पुष्पेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि वह पढ़ा लिखा बेरोजगार युवक है उसने उद्योग केंद्र में लोन लेने के लिए आवेदन किया था। उद्योग केंद्र में तैनात लिपिक संदीप कुमार ने मुझे बताया कि उनकी बहन बड़ौदा ग्रामीण बैंक टेवा में बैंक मैनेजर हैं। जो कि दरवाजा जंगला कारखाना हेतु लोन कर देंगी। प्रार्थी का 10 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत हो गया जिसमें से तीन लाख 60 हजार रुपए सीसी का पैसा प्रार्थी को दिया गया। लेकिन एक बोगस फॉर्म के द्वारा तैनात लिपिक संदीप कुमार द्वारा मिली भगत करके 5.40 लाख रुपए ले लिया गया। मैं जब संदीप से कहता हूं कि मेरा सामान दिला दो तो वह उल्टा मुझे ही फसाने की धमकी दे रहे हैं यही नहीं संदीप उनकी बहन वा उनके बहन के पति जो कि जिला अस्पताल में किसी पद में तैनात हैं। मेरे घर टेनशाह आलमबाद में पहुंच कर बुरी तरह से धमकी दिए कि यदि तुम कहीं शिकायत करोगे तो तुम्हें मैं फर्जी मुकदमें फंसा दूंगी। यही नहीं बैंक के द्वारा लगभग 30 से 35 लोगों को लोन किए गए हैं जिसमें लगभग 20 लोन अकेले देवरा गांव में किए गए हैं। इस गांव में एक भी लोन लेने वाले व्यक्ति द्वारा यूनिट की स्थापना नहीं की गई है। यह दोनों भाई-बहन मिलकर जिले में एक रैकेट चला कर लोगों का लोन कर पैसा वसूली कर रहे हैं जिससे सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना जिससे हजारों लाखों लोगों को रोजगार मिल सकता है उस पर पलीता लग गया है। पूर्व में मेरे द्वारा शिकायत सीएम पोर्टल पर किया गया था जिसके बाद लगातार जिले के बड़े-बड़े लोगों को माफिया के द्वारा मुझे धमकी मिल रही है यदि मेरी हत्या हो जाती है या मेरे साथ कोई दुर्घटना होती है तो उसके लिए संदीप कुमार उनकी बहन मैनेजर बड़ौदा ग्रामीण बैंक व उनके जिला अस्पताल में तैनात भाई जिम्मेदार है। भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोपों को देखते हुए जिलाधिकारी मधुसूदन हुलगी जिला उद्योग अधिकारी को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दे दिए हैं।

## अराजक तत्व ने डीजे गाड़ी को स्टार्ट करके छोड़ा सामान हुआ क्षतिग्रस्त

**कौशाम्बी।** बारात गए डीजे को अराजक तत्व ने स्टार्ट करके छोड़ दिया जिसके कारण लगभग पैंतीस हजार रुपए का नुकसान हो गया है। डीजे मालिक ने अराजक तत्व के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। करारी थाना क्षेत्र के गुलामीपुर निवासी लाल सिंह पुत्र श्रीपाल के पास डीजे गाड़ी है। शादी विवाह में बाजा बजाने का आर्डर लेता है। दिनांक 7 मई 2025 को कटरा स्थित स्वयंवर गेस्ट हाउस में डीजे लगा था। रात 12 बजे जब बाराती और दुल्हा गेस्ट हाउस में चले गए तब अराजक तत्व किस्म के लोग डीजे के पास पहुंचे जिसमें से एक युवक डीजे पर चढ़ गया और डीजे को स्टार्ट करके छोड़ दिया जिससे डीजे का काफी सामान क्षति ग्रस्त हो गया जिसकी कीमत लगभग पैंतीस हजार रुपए अंदाजा लगाया जा रहा है। डीजे में नुकसान होने के बाद डीजे मलिक ने जब युवकों से इस बात को कहा तो युवक झगड़ा करने लगे जिससे दोनों के बीच विवाद हुआ डीजे मालिक के नुकसान की भरपाई तो नहीं हो सकी बल्कि नुकसान करने वाले युवक पुलिस स्टेशन में पहुंच गए डीजे मालिक शेषा गांव निवासी सुमित पुत्र मोहन लाल के विरुद्ध आरोपियों ने करारी थाना में शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। और डीजे का नुकसान होने के बाद भी डीजे मालिक की सुनवाई नहीं हो रही है जिससे थाना पुलिस के पक्षपात का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## बेलगाम कोतवाली पुलिस के कार्यकाल में उड़ रही कानून की धज्जियां

**युवक के बेगुनाह पिता को गिरफ्तार कर टार्चर करने के बाद कोतवाली पुलिस ने 30000 वसूला**

**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली पुलिस की बेलगाम पुलिस के चलते कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही है आम जनता परेशान है रोज आम जनता के साथ अत्याचार हो रहा है कानून का कहीं राज नहीं दिखाई पड़ रहा है कोतवाली पुलिस मनमानी पर उतारू है गुरुवार को फिर मंझनपुर कोतवाली पुलिस का एक नया कारनामा उजागर हुआ जिससे एक बार फिर खाकी वर्दी शर्मसार हो गई है मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दीवर कोतारी पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव के प्रेमी युगल घर के बंदिश को छोड़कर के नया जीवन जीने के लिए 25 अप्रैल को घर से बाहर चले गए हैं प्रेमी युगल दोनों बॉलिंग हैं इस बात को चौकी इंचार्ज भी बेबाक तरीके से स्वीकार करते हैं लेकिन प्रेमी युगल के जाने के बाद बालिका के पिता ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी पुलिस ने बालिका की गुमशुदगी दर्ज कर लिया और बालिका को खोजने के नाम पर युवक के पिता के साथ पुलिस ने अत्याचार शुरू कर दिया चौकी इंचार्ज 28 अप्रैल को युवक के पिता को पकड़ कर कोतवाली लाए रात भर युवक के पिता को बेरहमी से पीटा गया और युवक के पिता को छोड़ने के नाम पर कोतवाल से बात कराने के बाद लोखरा के फूफा ने 30000 युवक के पिता से ले लिया अब इसमें किसका कितना हिस्सा था यह तो जांच का विषय है उसके बाद युवक के पिता शत्रुघन को कोतवाली से पुलिस ने सुपुर्दगी में छोड़ दिया है इसके बाद रोज युवक के घर में चौकी पुलिस दबिश दे रही है जिससे युवक का भयभीत पिता घर छोड़कर फरार हो गया उसका कोई सुराग नहीं लग रहा है जिससे परिवार के लोग भी परेशान है जबकि बॉलिंग प्रेमी युगल के जीवन जीने और साथ रहने पर उच्च न्यायालय ने भी दिशा निर्देश जारी किया कि पुलिस बॉलिंग प्रेमी युगल के जीवन मे दखल ना दे लेकिन कोतवाली पुलिस को उच्च न्यायालय के आदेशों की परवाह नहीं है वह तो मनमानी तरीके से कानून व्यवस्था चला करके अपने को सुप्रीम बनाना चाहती है जिससे कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही हैं और पुलिस वर्दी शर्मसार हो रही है सवाल उठता है कि प्रेमी युगल साथ रहने को तैयार है उन्हें कानून ने अधिकार भी दिया है और घर छोड़कर वह चले गए हैं इस मामले में युवक के पिता और परिवार का क्या दोष है आखिर युवक के पिता वा परिवार वालों को कोतवाली पुलिस क्यों प्रताड़ित कर रही है यह बड़ी जांच का विषय है और कोतवाली पुलिस के इस अत्याचार पर रोक लगाए जाने की जरूरत है।

## न्यूज झरोखा

### एसओ कोखराज ने जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों में सुरक्षा ब्यवस्था का लिया जायजा



**कोखराज कौशाम्बी** जुम्मे की नमाज को लेकर सिराथू तहसील क्षेत्र के राला व चाकवन चौराहे में कोखराज थानेदार ने पुलिस फोर्स के साथ सुरक्षा ब्यवस्था का जायजा लिया और और मस्जिद में नमाज पढ़ने वाले लोगों से कहा कि देश में चल रहे युद्ध को देखते हुए सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ रहे कोई भी हिंसा न हो इसका ख्याल रखें सैकडों नमाजियों ने पुलिस सुरक्षा में जुमे की नमाज अदा किया और अपने मुल्क देश की हिफाजत व अमन चैन के लिए अल्ला ईश्वर से दुआ किया युद्ध के मद्देनजर एसओ कोखराज ने कोखराज क्षेत्र के मस्जिदों में जा कर सुरक्ष का जायजा लिया और मस्जिद के इमाम से उनका हाल चाल जाना क्षेत्र भृमण कर एसओ शांतिपूर्ण ब्यवस्था का जायजा लेते रहे उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या होने पर तुरंत थाना प्रभारी को अवगत कराए और सुरक्षा का जायजा में लगे पुलिस कर्मियों से कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही नही हो मौके पर एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य,सन्तोष कुमार,मोहित यादव,अंकित,आदि पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रही इसी तरह पूरे जिले की थाना पुलिस अपने-अपने क्षेत्र में जुम्मे की नमाज के लिए सक्रिय रही और कुशलतापूर्वक जुम्मे की नमाज संपन्न कराया पुलिस अधिकारी भी लगातार भ्रमण पर रहे।

### पाकिस्तान की सरपरस्ती में पल रहे आतंकवादी से हिन्दुस्तान ही नहीं पूरा विश्व परेशान : रमेश अग्रहरि



**कौशाम्बी** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि पहलगाम में निदोर्षों की हत्या कर हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवादियों ने ललकारा है जिन्होंने यह कहा था हिन्दुस्तान के माटी की कसम हिंदुस्तान को कभी झुकने नहीं दूंगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपरेशन सिंदूर का नाम देकर हिंदुस्तान के मातृ शक्तियों के सिंदूर का बदला पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तनानाबूद करके लिया और कहा इनका संरक्षण देने वाले भी नहीं बचेंगे, पाकिस्तान को ऐसा सबक मिलना चाहिए कि दुबारा अब कभी आतंकवादियों को पनाह न दे भारतीय सेना के शौर्य, साहस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व को हिंदुस्तान का एक एक नागरिक प्रणाम करता है उत्तर प्रदेश को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल जनपद कौशांबी के साथ साथ प्रदेश के सभी जनपदों का संगठन भारतीय सेना एवं सरकार के साथ खड़ा है और जरूरत पड़ेगी तो भारतवर्ष की सेवा में हर संभव अर्थव्यवस्था से लेकर खाद्यान्न एवं श्रम सेवा तक की व्यवस्था करने में भागीदारी निभाएगा।

### ऑपरेशन सिन्दूर के तहत डॉ. मयंक की जबरदस्त पहल



**भरवारी कौशाम्बी** भारत के थल जल वायु कोई भी सैनिक हो जो देश की सीमा में देश के लिए समर्पित है या जिन सैनिक ने देश के लिए अपनी कुबार्नी दी है उन सभी के परिवारों के लिए बृजेश मेमोरियल अस्पताल भरवारी ऑपरेशन सिन्दूर के तहत उनके परिवारों को निशुल्क उपचार एवं सेवा प्रदान करेगा। डॉ मयंक केशरवानी ने कहा कि हमारे बहादुर सैनिकों के लिए बीएमएच अस्पताल गर्व से सेना के अधिकारियों के समर्थन में खड़ा है जो वर्तमान में महत्वपूर्ण अभियानों में सेवारत हैं ।एक हार्दिक इशारे के रूप में, हम उन सभी सेना परिवारों को मुफ़्त चिकित्सा सेवाएँ दे रहे हैं जिनके प्रियजन सक्रिय रूप से हमारे देश की रक्षा कर रहे हैं। आपके परिवार का स्वास्थ्य हमारे लिए मायने रखता है !सक्रिय ड्यूटी पर सेना के अधिकारियों के परिवारों के लिए ऑफर उपलब्ध है गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा के लिए बीएमएच अस्पताल आए हम आपकी ताकत और बलिदान को सलाम करते हैं।

### कार ड्राइवर ने मारी ब्रेक पीछे से भिड़ी टूरिस्ट बस, बाल बाल बचे दुल्हा-दुल्हन




**अझुव कौशांबी** सैनी कोतवाली के अझुवा कस्बे में नवीन मंडी गेट के सामने हाईवे पर आगे जा रही दूल्हा की कार ने भी ब्रेक मार दिया वही कार के पीछे लगी टूरिस्ट बस दूल्हे की कार में भिड़ गई हादसे में कार सवार दूल्हा दुल्हन सहित अन्य लोग बाल बाल बच गए सूचना पर पहुंची पुलिस कार्यवाही में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर के मेऊली निवासी अमित कुमार पुत्र अनिल कुमार की शादी थी अमित बारात लेकर प्रयागराज गया था। जहां शादी की रस्म संपन्न होने के बाद दुल्हन को लेकर वह वापस घर लौट रहा था। दूल्हे की कार शुक्रवार की दोपहर जैसे ही सैनी कोतवाली के अझुवा कस्बे के मंडी गेट के नजदीक पहुंची तभी कार चालक ने आगे जा रही बाइक सवार को बचाने में ब्रेक मार दिया इस दौरान कार के पीछे लगी टूरिस्ट बस कार में भिड़ गई, हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, और कार सवार दूल्हा , दुल्हन सहित अन्य लोग बाल बाल बच गए वहीं दूल्हे के साथ आगे दो गाड़ियां और चल रही थी,कार सवारों ने रुक कर टूरिस्ट बस के ड्राइवर को मारने लगे। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को चौकी ले आई जहां दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता की बात चल रही थी ।

### इलाज के दौरान पत्रकार का आकस्मिक निधन

**कौशाम्बी** पत्रकार व क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष कुंवर धनराज सिंह निवासी रामपुर धमावा सिराथू का शुक्रवार को इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया है जिनका अंतिम संस्कार शनिवार दस मई की सुबह नौ बजे कड़ा के हनुमान घाट में किया जाएगा, जिसकी जानकारी उनके अनुज भाई अभय सिंह ने दी है पत्रकार की मौत की जानकारी मिलते ही लोगो ने शोक व्यक्त किया है।

## कार ने बाइक सवार की मारी टक्कर, गंभीर

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बम्हरौली के मजरा घटईयापर का नोखेलाल पुत्र जुबैर पटेल शुक्रवार की रात करीब आठ बजे बाइक से किसी काम के लिए टेढ़ीमोड़ बाजार जा रहा था। जैसे ही वह इलियास के भट्ठे के पास पहुंचा कि टेडीमोड से बम्हरौली की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने सामने से बाइक सवार को टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के बाद युवक लहूलुहान होकर बाइक सहित गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्ति आराजी नंबर 245 तैयबा पुर शमसाबाद कड़ा सिराथू क्षेत्र 250 .83 वर्गमीटर जिसकी चौहद्दी पूरब विद्या देवी ,पश्चिम आरजी का जुज भाग, उत्तर 12 फीट रास्ता ,दक्षिण भूमि महंत लाल एवं सुमित्रा देवी जिसके स्वामी महेश कुमार पुत्र राम लखन है को विक्रय कर रहे हैं यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो निम्न पते पर 7 दिन के अंदर सूचना देने की कृपा करें।

**सोमिल श्रीवास्तव एडवोकेट**
**82 9970 3468,**
**जयप्रकाश पांडेय**
**आधार हाउसिंग प्रा. लि.**
**6393321241**

# सम्पादकीय

## युद्ध जैसे हालात में सरकार से अपेक्षा

**मंगलवार** की आधी रात को पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर स्थित जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान की तरफ से भयंकर गोली बारी शुरू की गई, जिसमें कम से कम 16 लोगों के मारे जाने की खबर है, साथ ही लांस नायक दिनेश कुमार शहीद भी हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक पाकिस्तान ने इसके अलावा भारत के अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि पाकिस्तान के इन हमलों को एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम ने बेअसर कर दिया। भारत के रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पाकिस्तानी ड्रोनों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो इस बात को साबित करते हैं कि पाकिस्तान ने हमला किया था।

जाहिर है हमारी सेना और मजबूत रक्षा तंत्र ने इस तरह देश की रखवाली की कि व्यापक तौर पर नागरिकों को पाकिस्तान की तरफ से हुए हमलों का पता ही नहीं चला। इस साहसिक कृत्य के लिए सेना की जितनी सराहना की जाए, कम है। इस समय सारा देश यही कर भी रहा है। गुरुवार को जब सरकार ने सभी दलों की बैठक फिर से बुलाई, तब भी तमाम दलों ने एकजुटता का भरोसा सरकार को दिलाया।

युद्ध के मुहाने पर खड़े इस कठिन दौर से गुजरते हुए भारत का हर विपक्षी दल और नागरिक अपने परस्पर विरोधों को भुलाकर सरकार और सेना के साथ खड़ा है लेकिन यह बेहद दुखद और आश्चर्यजनक बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो देश का नेतृत्व करते हैं, इस विषय पर गुरुवार को दिल्ली में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पुनः अनुपस्थित रहे। 'पुनः' शब्द का इस्तेमाल इसलिये किया जा रहा है क्योंकि पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई ऐसी ही बैठक में मोदी नहीं आये थे। हालांकि उन्होंने आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर से भी पकड़ लाने का वादा देश से किया था। सेना ने संयुक्त ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में दहशतगर्दों द्वारा चलाये जा रहे आतंकी कैंपों को उड़ा दिया। लेकिन इस दौरान सरकार को कम से कम सीमावर्ती इलाकों से नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने का इंतजाम कर लेना चाहिए था। अगर ऐसा होता तो शायद पुंछ में जो नुकसान हुआ, वह न होता। पुंछ इलाके में मारे गये नागरिक ज्यादातर किसान हैं। एक तरह से देखें तो ये सर्जिकल स्ट्राइक हो या सीमा के आर-पार की बम वर्षा के कारण लगभग युद्ध की स्थिति है।

ऐसे में सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री का न आना यह बतलाता है कि वे लोगों से मिल रहे जनसमर्थन के कारण विपक्ष ही नहीं, नागरिकों व यहां तक कि संसद को भी काफी हल्के में ले रहे हैं। याद हो कि 22 अप्रैल को हुए बैसरन कांड के वक्त मोदी सऊदी अरब के दौरे पर थे जिसे छोड़कर वे भारत लौटे थे। इससे यह महसूस किया गया था कि वे स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए लौटे हैं।

# हिंद की सेना का जवाब कि, 'हां तुम एक विफल राष्ट्र हो!'

- वर्षा भम्भाणी मिर्जा


**पिछले** दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था।

पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है क्योंकि इसका जन्म ही नफरत की बुनियाद पर हुआ है। अंग्रेजों से आजाद होते ही भारत का बंटवारा हुआ और मानवता ने जिस वीभत्स मंजर को देखा, उसकी मिसाल कम मिलती हैं। कई कलाकार, लेखक और पॉलिटिशियन मजहब के आधार पर बंटे पाकिस्तान में चले तो गए लेकिन उम्र भर सिर्फ हिंदुस्तान को ही याद करते रहे, अपने दोस्तों से मिलने के लिए तड़पते रहे जैसे उन्हें यह अहसास हो गया था कि गलती हो चुकी है और समय का पहिया अब पीछे नहीं खींचा जा सकता। जो लिख सकते थे, उनके शब्दों में यह दर्द बयां हुआ और बाकी अपने दिलों में इस टीस के साथ जिंदा रहे। मशहूर और बेहतरीन कहानीकार सआदत अली हसन 'मंटो'(दो दिन बाद उनकी सालगिरह है) उन्हीं में से एक थे। उन्होंने विभाजन के समय हुए दंगों की त्रासदी को भीतर तक उतारा और फिर पन्नों पर। 'टोबा टेकसिंह' और 'खोल दो' उनकी ऐसी ही महान रचनाएं हैं। मंटो दोस्तों को अक्सर लिखा करते थे कि, च्यार मुझे वापस बुला लो!ज् उन्होंने खुदकुशी की कोशिश भी की थी।

वे बहुत कम (43 साल) जी पाए। जैसे चिंता और जीवन का कोई गहरा रिश्ता हो। यूं तो मंटो के बारे में कहने को इतना कुछ है कि मंटो पढ़ाई-लिखाई में कुछ खास नहीं थे, कि मंटो कॉलेज में उर्दू में ही फेल हो गए थे, कि शायर फैज अहमद फर्ज मंटो से केवल एक साल बड़े थे, कि उन्हें भी चेखोव की तरह टीबी था, कि वे बेहद निडर थे, कि उनकी कई कहानियों पर अश्लीलता के मुकदमे चले और उनकी कहानियां तो बस इंसान को चीर के ही रख देती हैं। विभाजन से पहले के बॉम्बे में उनके किस्से-कहानियां फिल्म इंडस्ट्री की जान हुआ करते थे। बेशक मंटो का फिर पैदा होना मुश्किल है लेकिन अफसोस यह भी कि एक बेहतरीन कथाकार नफरत की भेंट चढ़ गया और असमय मौत की नींद सो गया। ऐसे ही एक शायर रईस अमरोही थे जो जॉन एलिया के बड़े भाई थे। वे भी बंटवारे को बर्दाश्त नहीं कर पाए। उनका परिवार उत्तर प्रदेश के अमरोहा का था जो 1947 में पाकिस्तान चला गया। उनकी मेटाफिजिक्स, ध्यान और योग पर कई किताबें प्रकाशित हुईं। उनका भी दिल केवल भारत के लिए धड़कता रहा। वे लिखते हैं-

हिन्द की बहारों, तुम को सलाम पहुंचे
बिछड़े हुए नजारों, तुम को सलाम पहुंचे
भारत के चांद तारों, तुम को सलाम पहुंचे
बरसों के बाद यारों तुम को सलाम पहुंचे
ये नामा-ए -मोहब्बत यारों के नाम ले जा
ओ हिंद जाने वाले मेरा सलाम ले जा।

उनकी ऐसी कई नज्मों का जिक्र और प्रकाशन विदेश सेवा के अधिकारी और सांसद रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब 'पाकिस्तान पेपर्स' में किया है। रईस अमरोही की 1988 में एक कट्टरपंथी समूह ने उनकी लाइब्रेरी में ही हत्या कर दी। कट्टरपंथी केवल किसी धर्म के खिलाफ नहीं होते। वे हर उस व्यक्ति के खिलाफ होते हैं जो उदारता की बात करता है, तरक्की की बात करता है,



शांति की बात करता है। वे खुद में एक जिंदा बम होते हैं। ऐसे बीमार जिन्हें ताजा हवा कभी छूकर भी नहीं गुजरी होती। शक और डर में जीने वाले हैवानों का कुनबा जो निदोर्षों का खून बहाना जानता है। वे ही 22 अप्रैल को पहलगाम आए थे और कई स्त्रियों के सिंदूर उजाड़ गए। खुद मोहम्मद अली जिन्ना, जिन्हें पाकिस्तान का जनक और कायदे आजम बताया जाता है, वे भी अपनी जिन्दगी में ही अनुभूत कर चुके थे कि पाकिस्तान का बनाना उनकी गलती थी। वे पाकिस्तान बनने के बाद केवल एक साल जिंदा रहे। मजहब के आधार पर एक देश बनाने वाले ने कहा था- 'पाकिस्तान कोई ईश्वर शासित राज्य नहीं होगा जहां पीर-पुज्जे किसी खास मकसद से राज करेंगे। देश में कई गैर मुस्लिम भी हैं जिन्हें समान अधिकार होंगे और वे मिलकर पाकिस्तान की तरक्की में शामिल होंगे।' अफसोस ऐसा हो न सका क्योंकि बुनियाद ऐसी नहीं थी।

पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था। इस बार वे खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान सैन्य अकादमी में कैडेट की 'पासिंग आउट परेड' को संबोधित कर रहे थे। मुनीर ने कहा- "द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस बुनियादी मान्यता पर आधारित था कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग मुल्क हैं, एक नहीं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं- धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा और सोच में हिंदुओं से अलग हैं।" तब सवाल यही है कि बांग्लादेश क्यों पाकिस्तान से अलग हुआ? पाक सेना के प्रमुख यहां बुरी तरह फेल हुए हैं और फेल हुआ है उनका मजहब के आधार पर दो राष्ट्र बनाने का सिद्धांत। अगर जो भारत के सियासी दल धर्म को सियासत में शामिल करते रहे तब पाकिस्तान जरूर बांग्लादेश से सांठगांठ कर बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।

साफ है कि एक विफल राष्ट्र का सेनाध्यक्ष कैसे अपनी सोच को सही बताने के इरादे से कुतर्क का सहारा लेने लगता है, जबकि भारत का सच दुनिया के सामने है। इसकी वजह जिन्ना के समकालीन हमारे नेताओं की दृष्टि और सोच है। पाकिस्तान के मजहबी आधार पर निर्माण के बावजूद उन्हें कोई दुविधा नहीं थी कि वे भविष्य में कैसा भारत बनाएंगे। उन्होंने विश्व का बेहतरीन संविधान गढ़ा। देश जहां हर वर्ग, धर्म के नागरिक समान और मौलिक अधिकारों के दायरे में होंगे। कोई भेदभाव नहीं होगा। आज भारत और पाकिस्तान दोनों कहां खड़े हैं? उसके पीछे 1947 की भीषण त्रासदी के बावजूद हमारे नेताओं की सर्वधर्म समभाव की सोच रही। इस सोच का परिचय भारतीय सेना ने बुधवार को तब भी दिया जब दो महिला अधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दुनिया से साझा की। उन्होंने भारतीय सेना और वायु सेना की संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की। विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने विदेश सचिव मिस्त्री के साथ ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए मंगलवार रात एक बजे से डेढ़ बजे तक पाकिस्तान में निशाना बनाए गए ठिकानों के नाम और विवरण साझा किए। सिग्नल कोर की अधिकारी सोफिया कुरैशी ने हिंदी में बात की, जबकि विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने अंग्रेजी में बात कही। कर्नल सोफिया ने 2016 में बहुराष्ट्रीय क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास में सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व भी किया था। उनके परिवार की पृष्ठभूमि सेना में सेवा देने की रही है। सोफिया कुरैशी के पिता ताज मोहम्मद कुरैशी ने कहा- 'हमें बहुत गर्व है। हमारी बेटी ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा काम किया है। पाकिस्तान को नष्ट कर देना चाहिए। मेरे दादा, मेरे पिता और मैं सभी सेना में थे। अब वह भी सेना में है।' ऑपरेशन सिंदूर के साथ यह काफी है पाकिस्तान को भारत के अब तक के सफर और सोच को बताने के लिए।

# अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता 9 मई से स्विट्जरलैंड में होगी शुरू

- नित्य चक्रवर्ती

**चीनी** स्त्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा।

अब यह आधिकारिक हो गया है। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन के लिए अमेरिकी टैरिफ दरों को कम करने, वार्ता के लिए अपने इरादे की घोषणा करने, और उसके बाद कुछ दिनों तक प्रतीक्षा करने के बाद, चीन ने बुधवार की सुबह पुष्टि की कि एक उच्च स्तरीय चीनी वार्ता दल 9 मई से चार दिनों के लिए स्विट्जरलैंड का दौरा करेगा, जहां वह ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट के नेतृत्व में अमेरिकी उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता करेगा। यह राष्ट्रपति ट्रम्प और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के दो कार्यालयों द्वारा पिछले कुछ दिनों में की गयी बैक चैनल चचाओं का परिणाम था।

अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने पिछले महीने के अंत में सबसे पहले तब कदम उठाया जब उन्होंने कुछ चीनी वस्तुओं पर दरें कम कीं और कहा कि वह राष्ट्रपति शी से बात करेंगे और मामले को सुलझा लेंगे। इसके तुरंत बाद उन्होंने कहा कि उन्होंने चीनी राष्ट्रपति से बात की। उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर बात करने की आदत है। उन्होंने सीधे राष्ट्रपति शी से बात नहीं की, लेकिन उनके सलाहकार चीनी राष्ट्रपति के अधिकारियों के संपर्क में थे। इस तरह से ट्रंप ने शी के साथ अपनी बैठक के बारे में जो कहा, वह आधा सच था। दोनों राष्ट्रपतियों के अधिकारी बात कर रहे थे। अब कुछ बुनियादी बातों पर चर्चा के बाद, दोनों प्रतिनिधिमंडल चार दिनों के लिए तीसरे देश स्विट्जरलैंड में बैठक करेंगे, ताकि विस्तार से चर्चा की जा सके। व्यापार वार्ता इस बार निर्णायक नहीं हो सकती है, लेकिन इससे आगे की बैठकें आयोजित करने की प्रक्रिया आसान हो जायेगी, ताकि ट्रंप और शी आखिरकार मिल सकें और समझौते पर हस्ताक्षर कर सकें। यह याद रखना होगा कि व्यापार वार्ता उस समग्र समझौते का केवल एक हिस्सा है, जिसे ट्रंप अपने वैश्विक आख्यान के हिस्से के रूप में शी जिनपिंग के साथ करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें समय लगेगा और अगर जरूरत पड़ी तो इसे अलग-अलग हिस्सों में बांटा जायेगा, ताकि अन्य क्षेत्र प्रभावित न हों।



चीनी स्त्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा। अगर हमें लड़ना होगा तो हम लड़ेंगे। अगर अमेरिका बात करना चाहता है तो हमारे दरवाजे खुले हैं। संवाद और बातचीत समानता, सम्मान और आपसी लाभ पर आधारित होनी चाहिए, प्रवक्ता ने आगे कहा।

सेंटर फॉर चाइना एंड ग्लोबलाइजेशन के वरिष्ठ फेलो ही वेइवेन ने बुधवार को ग्लोबल टाइम्स को बताया कि स्विट्जरलैंड में चीनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच होने वाली आगामी बैठक एक सकारात्मक विकास को दशार्ती है। 'यह तथ्य कि दोनों पक्ष मिलेंगे, एक अच्छा संकेत है, लेकिन कुंजी अमेरिकी पक्ष में है,' ही वेइवेन ने कहा, इस बात पर जोर देते हुए कि कोई ठोस परिणाम निकलता है या नहीं, यह वाशिंगटन की अपनी अन्यायपूर्ण और अवैध टैरिफ नीति को सही करने की इच्छा पर निर्भर करेगा- चीन पर बिना किसी पूर्व शर्त के या किसी मांग के। उन्होंने कहा, 'केवल तभी सार्थक बातचीत हो सकती है जब अमेरिका अपनी गलतियों को बदल दे।'

वैश्विक व्यापार विशेषज्ञों ने उल्लेख किया है कि ट्रम्प जल्दी बातचीत में अधिक रुचि रखते थे क्योंकि उनके सलाहकारों ने उन्हें बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका के कई व्यापार भागीदारों से बात कर रहे हैं और यदि ट्रम्प अभी भी चीन और अन्य देशों पर अपने मजबूत टैरिफ रुख पर कायम रहते हैं, तो शी जिनपिंग इस समय का उपयोग कुछ और देशों को अमेरिका के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रभावित करने के लिए करेंगे। अमेरिका के 180 देशों के साथ व्यापार भागीदारी है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण 50 से 75 देश हैं, जिनके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति 90 दिन के विराम के भीतर व्यापार वार्ता शुरू करने की उम्मीद करते हैं, जो इस साल जुलाई के पहले सप्ताह में समाप्त हो रहा है। केवल कुछ ही दिन पहले 4 मई को इटली के मिलन में आयोजित 28वीं आसियान प्लस थ्री वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया सहित आसियान सदस्यों ने जारी एक संयुक्त बयान में बढ़ती संरक्षणवाद और अस्थिर वैश्विक वित्तीय स्थितियों सहित बढ़ती अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए क्षेत्रीय एकता और सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया था।

संयुक्त बयान, जिसमें अमेरिका का नाम नहीं लिया गया था, ऐसे समय में आया जब अमेरिका द्वारा लगाये गये नये टैरिफ दक्षिण पूर्व एशिया को बुरी तरह प्रभावित करने का खतरा पेश कर रहे हैं, निक्केई एशिया ने रिपोर्ट की। चीनी वित्त मंत्री लैनफोआन ने बैठक में भाग लिया और कुछ सत्रों की सह-अध्यक्षता की। लैन ने जोर देकर कहा कि- वैश्विक अर्थव्यवस्था गहन समायोजन से गुजर रही है, वैश्वीकरण के सामने चुनौतियां हंक और एकतरफावाद और संरक्षणवाद बढ़ रहा है। अस्थिरता और अनिश्चितताएं उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हैं। 10+3 क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाएं मजबूत लचीलापन प्रदर्शित करती हैं और उनमें महत्वपूर्ण विकास क्षमता है, लेकिन वे जटिल और गंभीर आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का भी सामना करती हैं।

लैन ने कहा कि चीन 10+3 ढांचे में सभी पक्षों के साथ काम करने के लिए तैयार है ताकि खुलेपन और समावेशिता को बनाये रखा जा सके, एकजुटता और सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके और इस क्षेत्र की स्थिरता और निश्चितता के साथ वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को संबोधित करने के लिए क्षेत्रीय वित्तीय सहयोग को लगातार गहरा किया जा सके। बैठक के बाद आसियान वेबसाइट पर जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि 'बढ़ते व्यापार संरक्षणवाद से वैश्विक व्यापार पर भार पड़ता है, जिससे वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है। आर्थिक विखंडन के कारण व्यापार, निवेश और पूरे क्षेत्र में पूंजी प्रवाह प्रभावित हो रहा है। निकट भविष्य की संभावनाएं अन्य बाहरी जोखिमों से भी प्रभावित हो सकती हैं, जिसमें सख्त वैश्विक वित्तीय स्थितियां, प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में विकास में मंदी और निवेश प्रवाह में कमी शामिल है।' अमेरिका जापान और आसियान देशों के साथ सबसे अधिक मित्रवत है, फिर भी शिखर सम्मेलन के बाद जारी किये गये बयान के लहजे से पता चलता है कि ट्रंप के एकतरफा टैरिफ वृद्धि कदम के खिलाफ उसे दिशा देने में चीन का प्रभाव है। व्यापार कूटनीति में अमेरिका को मात देने के लिए चीन अब जो कर रहा है, वह यह है कि राष्ट्रपति शी खुद को अमेरिका के घोर संरक्षणवाद के खिलाफ नियम आधारित वैश्वीकरण के नायक के रूप में पेश कर रहे हैं।

अमेरिकी सलाहकारों ने इस पर ध्यान दिया है और ट्रंप से कहा है कि वे चीन को व्यापार वार्ता में शामिल करें ताकि अन्य देश भी इसका अनुसरण करें। वैश्विक टैरिफ युद्ध ने कुछ क्षेत्रों में चीन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। हालांकि चीन यह स्वीकार नहीं करता है कि कुछ क्षेत्रों में उत्पादन पैमाने को कम किया गया है, जो नवीनतम टैरिफ युद्ध में अत्यधिक प्रभावित हुए हैं।

चीनी अर्थव्यवस्था में लचीलापन है, लेकिन यह अमेरिकी बाजार को निर्यात पर इतना अधिक निर्भर है कि अगर ट्रंप अपनी दरों में बदलाव नहीं करते हैं तो उसके पास बहुत सीमित विकल्प हैं। इसी तरह ट्रम्प के पास भी चीन के साथ जल्द से जल्द व्यापार समझौता करने की मजबूरी है। लेकिन भू-राजनीति भी इसमें बहुत बड़ी भूमिका में है क्योंकि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं वर्चस्व के लिए लड़ रही हैं।

9 मई से होने वाली स्विटजरलैंड वार्ता दोनों देशों के बीच विकसित हो रहे व्यापार संबंधों के रुझान का संकेत देगी।

# जेनेरिक दवाएं लिखने के कानूनी आदेश का उजाला

-ललित गर्ग -

**सुप्रीम** कोर्ट ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने एवं किसी विशेष कंपनी की दवाइयां न लिखने की नसीहत देकर न केवल गरीब मरीजों को राहत पहुंचाई है बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में व्याप्त मनमानी, मूल्यहीनता, रिश्वत एवं अनैतिकता पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय एवं प्रासंगिक पहल की है। सुप्रीम कोर्ट से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ संदीप मेहता, विक्रम नाथ और संजय करोल ने दवा कंपनियों से जुड़ी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। इस याचिका में दवा कंपनियों पर मनमानी एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया था। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर पूरे देश में इस फैसले का पालन हो, तो इससे अहम सुधार हो सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा-डॉक्टरों पर अक्सर दवा कंपनियों से रिश्वत लेने का आरोप लगता है। ऐसे में अगर डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखेंगे, तो उनपर लगने वाले इल्जाम का मुद्दा भी हल हो जाएगा। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक दवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेनेरिक दवाइयों को जनव्यापी बनाने की दिशा में सार्थक पहल की है। पूरी दुनिया में जेनेरिक दवाइयों को ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है, लेकिन दवा माफिया इसमें बाधाएं खड़ी कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता से दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है, जो बड़ी आबादी की एक बड़ी समस्या का सटीक समाधान होगा। निश्चित ही डॉक्टर अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों की रिश्वतखोरी बंद हो सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फार्मास्युटिकल मार्केटिंग की समान संहिता पर कानून बनने तक दवा कंपनियों की अनैतिक विपणन प्रथाओं को नियंत्रित करने के दिशा-निर्देश की मांग की गई थी। भारत में किफायती जेनेरिक दवाओं का उत्पादन एवं प्रचलन एक जीवन रेखा है, लेकिन इसके



गुणवत्ता के आश्वासन को मजबूत करने के साथ डाक्टरों की मनमानी पर नियंत्रण करना होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की पहल एक रोशनी बनेगा। आज जबकि देश में लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज एवं महंगी दवाइयां बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये जेनेरिक दवाओं पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इजाफा हुआ है। मोदी सरकार ने जेनेरिक दवाओं को ज्यादा स्वीकार्य बनाने एवं सर्वसुलभ कराकर एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात किया है। जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ये बाध्यकारी नहीं, एक स्वैच्छिक संहिता है, जिसका पालन डाक्टर अपनी मर्जी से करते हैं। कोर्ट ने दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोर्ट की यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। यहीं नहीं, आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाओं का भी मार्ग प्रशस्त हो सकता है। भारत में दवा उद्योग एक विशाल और जटिल क्षेत्र है, जहां दवा कंपनियां अक्सर अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लेती हैं। ये कंपनियां डॉक्टरों को मुफ्त उपहार, विदेश यात्राएं, महंगे रात्रिभोज और अन्य प्रलोभन देकर अपनी ब्रांडेड दवाओं को प्रचारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। नतीजतन, डॉक्टर कई बार मरीजों को ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो न केवल महंगी होती हैं, बल्कि कई बार अनावश्यक भी होती हैं। इसका सीधा असर मरीजों की जेब और स्वास्थ्य पर पड़ता है।

सस्ती जेनेरिक दवाओं के प्रचलन को बाधिक करने की रणनीति एक वैश्विक समस्या है। भारत में जेनेरिक दवाओं की शुरूआत मोदी सरकार ने की। वैसे 2004 और 2013 के बीच अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली को इससे लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर की बचत हुई है। जेनेरिक कैंसर जैसी अनेक असाध्य बीमारियों की दवाओं की समय पर उपलब्धता ने ऐसे कई रोगियों की सामर्थ्य को बढ़ा दिया है। जबकि इसके विपरीत अनेक परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों की महंगी दवाओं एवं इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही। लेकिन सामान्य दिनों में दवा कंपनियों की मिलीभगत व दबाव में लिखी जाने वाली महंगी दवाइयां भी गरीबों के लिये बड़ी समस्या बनती रही हैं। इसके बावजूद कि बाजार में उसी साल्ट वाली गुणवत्ता की जेनेरिक दवा सहज उपलब्ध है। कुछ समय पहले केंद्र सरकार की ओर से जेनेरिक दवाइयां लिखने की अनिवार्यता के निर्देश का अच्छा-खासा विरोध हुआ, जिसके चलते निर्णय वापस लेना पड़ा था। अब इसी चिंता को देश की शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्त किया है, जो गरीबों को सस्ती दवाओं से इलाज का रास्ता सुगम बना देगी।

# जन चैपाल लगाकर जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सदर ब्लाक के ग्राम पंचायत भारतपुर के प्राथमिक विद्यालय भारतपुर तरांव के प्रांगण में शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गांव की समस्या, गांव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया गया। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में मौजूद सभी विभागीय अधिकारियों से जिलाधिकारी ने कहा कि वह अपने विभागों से सम्बन्धित सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दें, जिससे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीण जनता को हो सके और वह उनका लाभ उठा सके। ग्रामीणों से कहा कि ग्रामों में सरकारी योजनाओं की जानकारी आप लोगों तक पहुंचाने के लिए जन चैपाल का आयोजन किया जा रहा है ताकि सभी पात्र लाभार्थी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य, आवास, शौचालय, किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ दें। अधिशासी अभियंता जल निगम एके भारती को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जिन गांवों तथा मजरों में पेयजल की पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, वहां पर टेस्टिंग कराकर शुद्ध पेयजल जनता को उपलब्ध कराए। साथ ही अवशेष कार्यों को तत्काल पूर्ण कराए।

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने ग्रामीणों से कहा कि जिन सरकारी योजनाओं की जानकारी आप लोगों को दी जा रही है, उससे सम्बन्धित समस्या का निस्तारण आप लोग इन जन चैपालों में करा सकते हैं। अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, ताकि वह अच्छी शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों पर शासकीय नौकरी करके आप लोगों का नाम रोशन करें। कहा कि कम से कम 12वीं तक अवश्य शिक्षा ग्रहण कराए। महिलाओं से कहा कि हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग लें। आशाओं से कहा कि कमजोर गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य लाभ दिलाए।


जन चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्या सुनते जिलाधिकारी

कार्यक्रम में सभी विभागीय अधिकारियों ने अपने विभागों द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। साथ ही ग्रामीणों द्वारा बताई गई सरकारी योजनाओं से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण भी किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को चॉकलेट व बिस्किट का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने किया।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एसके पांडेय, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, प्रभारी चिकित्साधिकारी शिवरामपुर डॉ राजेश सिंह, खंड विकास अधिकारी कर्वी पवन सिंह, ग्राम प्रधान आरती देवी, सचिव उर्मिला देवी सहित सम्बन्धित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## वन एवं पर्यावरण विषय पर हुआ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर, चित्रकूट।** जिला पर्यावरण समिति एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व द्वारा मानिकपुर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़चपा में वन एवं पर्यावरण थीम के अन्तर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटियार ने बच्चों से कहा कि प्रकृति व पर्यावरण को सुरक्षित रखना एवं प्रदूषण को रोकना और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखना ही पर्यावरण संरक्षण है, जिसके लिये आप सभी को आगे आना पड़ेगा। कहा कि बच्चे ही आने वाली पीढी के कर्णधार है। कहा कि आप लोगो खुद एवं समाज के लोगो को ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने एवं गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करें। साथ ही जल संरक्षण करें, जो पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने में सहायक है। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे गोपाल कृष्ण गुप्ता ने बच्चों से कहा कि यदि किसी के घर में किसी नए बच्चे का जन्म होता है, तो उसकी खुशी के अवसर पर अपने घर के आस पास या खेत खलिहान में एक वृक्ष लगाए। बताया कि एक वृक्ष एक वर्ष में 100 किग्रा ऑक्सीजन देता है तथा 22 किग्रा कार्बन डाईआक्साइड सोखता है। इस दौरान विद्यालय में वन एवं पर्यावरण थीम अर्न्तगत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अंश ने प्रथम, सिजय वर्मा ने द्वितीय स्थान व अतुल ने तृतीय स्थान प्राप्त। विजेता विद्यार्थियों को प्रभागीय वनाधिकारी ने प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर विद्यालय के स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह, प्रधानाध्यापक हरिशंकर त्रिपाठी, सहायक अध्यापक बिहारीलाल, ब्रजेश सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरूण सिंह बघेल, रैपुरा रेंज के वन दारोगा फूलचन्द्र, वनरक्षक शिव नरेन्द्र, मुकेश कुमार, राजू श्रीवास आदि मौजूद रहे।

## बांस काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, महिलाओं पर लाठी डंडे से हमला

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार को बांस काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। शुरूआती कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में कई महिलाएं घायल हो गईं। घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि कैसे महिलाओं को लाठियों से निशाना बनाया गया। घायल महिलाओं को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ज्ञान चंद्र की शिकायत पर पुलिस ने अजीत, दयाराम, राजेश और उर्मिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने मामले को हल्के में लेते हुए मामूली धाराओं में केस दर्ज किया है। परिजनों और ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## चित्रकूट में बरगढ़ घाटी पर दो ट्रकें भिड़ी, एक चालक घायल, प्रयागराज रेफर

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई। झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बरगढ़ घाटी की चढ़ाई पर रात ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में मध्य प्रदेश निवासी ट्रक चालक अजय कुमार शुक्ला (35) घायल हो गए। अजय प्रयागराज की ओर जा रहे थे। घटना के बाद ग्रामीणों और पुलिस की मदद से उन्हें मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अजय को प्रयागराज अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना के कारण राजमार्ग पर लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही। मऊ थाना प्रभारी दुर्विजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जाम को खुलवाया।


हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

## पुलिस अधीक्षक ने सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन्स का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया।

परेड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिारियों व कर्मचारियों का टर्न आउट की जांच की तथा परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी। साथ ही आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स को निर्देशित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन्स स्थित परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही एसपी ने डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरक्षी बैरिक, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली तथा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। उन्होंने कहा कि पुलिस के जवान हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


परेड का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक

## खेत में काम करते समय युवक को सांप ने डसा मौत

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र खेत में काम कर रहे युवक को सांप ने डस लिया। जिससे युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान विजय पुत्र कामता प्रसाद के रूप में हुई है। घटना रात करीब 2 बजे की है। विजय रोजाना की तरह खाना खाने के बाद अपने खेत में तकवारी करने गया था। वह खेत में लेटा हुआ था। परिजन जब रात में विजय को पानी देने गए, तो उसने पैर में जलन और सीने में दर्द की शिकायत की। परिजन उसे तुरंत गांव के ओझा के पास ले गए। झाड़-फूंक से कोई आराम नहीं मिला। गुरुवार सुबह 7 बजे परिजन विजय को निजी वाहन से सोनेपुर जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने मेडिकल जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। गुरुवार दोपहर 1 बजे जिला मुख्यालय में शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

## देवर-देवरानी से कहासुनी, पति ने पीटा तो फांसी लगा ली

**चित्रकूट।** जिले के मऊ थाना अंतर्गत चित्रवार गांव में घरेलू कलह के चलते एक महिला ने आत्महत्या कर ली। 35 वर्षीय राम प्यारी कुम्हरन के डेरे की रहने वाली थी। बताया गया कि शुक्रवार को देवर-देवरानी से कहासुनी के बाद पति ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे आहत होकर उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

घटना के मुताबिक, राम प्यारी की किसी बात पर देवर-देवरानी से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद देवर ने अपने बड़े भाई, यानी राम प्यारी के पति से शिकायत की। इस पर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। इससे आहत होकर राम प्यारी घर से निकल गई और पास ही के एक खाली मकान में जाकर फांसी लगा ली। जब राम प्यारी काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो ससुरालीजन ने उसकी तलाश शुरू की। लगभग तीन घंटे बाद जब वे पास के खाली मकान में पहुंचे, तो देखा कि वह साड़ी से फंदा लगाकर फांसी पर लटकी हुई थी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया



और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के मायके वालों का कहना है कि देवर-देवरानी के कहने पर पति ने राम प्यारी के साथ मारपीट की, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। परिजनों की मांग है कि मृतका के तीनों बच्चों को ससुराल की संपत्ति में हिस्सा मिलना चाहिए। यदि उन्हें वंचित किया गया, तो वे सख्त कार्रवाई करेंगे। राम प्यारी की शादी 23 वर्ष पूर्व हुई थी। वह अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गई है। गांव में घटना को लेकर शोक का माहौल है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## विधायक ने की गर्मी के मद्देनजर दोपहर 12 बजे विद्यालय बंद करने की मांग

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने बुन्देलखण्ड अन्तर्गत जनपद के पथरीले इलाके में बढ़ते तापमान को देखते हुए बच्चों एवं शिक्षकों के लिए विद्यालय की छुट्टी का समय 12:00 बजे तक करने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी व जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित किया।

सदर विधायक ने कहा कि जनपद के जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने गर्मी को देखते हुए पूर्व में जनपद के परिषदीय विद्यालयों की छुट्टी का समय परिवर्तित कर 12:00 बजे कर दिया था, किन्तु विगत दिनों नया आदेश पारित करते हुए बच्चों के लिए छुट्टी का समय 12:30 बजे व शिक्षकों की छुट्टी का समय 1:30 बजे कर दिया है। जिससे चिलचिलाती धूप व गर्मी में आवागमन करने से बच्चों व शिक्षकों को लू लग सकती है तथा उनका जीवन संकट में पड़ सकता है। कहा कि जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के लिये जिला विद्यालय निरीक्षक ने छुट्टी का समय अब भी 12:00 बजे तक ही निर्धारित कर रखा है। साथ ही जनपद के क्षेत्र का पूरा इलाका पानी व गर्मी से तबाह है। ऐसे में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को परिषदीय विद्यालयों का समय 12:00 बजे तक ही रखना चाहिए।

## पीएम मोदी पर है देश को विश्वास, खत्म होगा पाक का वजूद : महेन्द्र

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी नेताओं के साथ लगाई कामदगिरि की परिक्रमा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पाकिस्तान के हौसले पस्त करने में जुटी भारतीय सेना के उत्साहवर्द्धन एवं सेना के जवानों के दीघार्यु होने की कामना को लेकर शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ कामदगिरि की परिक्रमा की। इस दौरान आतंकवाद और आतंकवाद को संरक्षण देने वालों के समूल नाश की कामना की गई।

शुक्रवार की शाम भाजपा नेताओं के साथ कामदगिरि परिक्रमा पूरी करने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश मन भूमि से रण भूमि तक पाकिस्तान की हर कोशिश को नाकाम कर रहा है। भारतीय सेना पाकिस्तान के हर हमले का उचित जवाब दे रही है। आतंकवादियों द्वारा कुछ दिन पूर्व पहलगाम में बेकसूर लोगों की हत्या का बदला आपरेशन सिंदूर के जरिए लिया गया है। जिसमें बड़े पैमाने पर आतंकियों का खात्मा हुआ है। इससे बौखलाकर पाकिस्तानी सेना जम्मू काश्मीर के बेकसूर लोगों को निशाना बना रही है। ऐसे में भारतीय सैनिकों ने बहादुरी का परिचय देते हुए पाकिस्तान की नापाक हरकतों को नाकाम कर दिया है। यह पीएम मोदी के नेतृत्व वाला नया भारत है। जिसने संदेश दिया है कि हम शांति चाहते है, लेकिन कोई हमारी शांति भंग करेगा, तो उसे शिव तांडव भी दिखाएंगे। जिला मंत्री मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य देश के लिए सीमा पर जंग लड़ रहे भारतीय सैनिकों का हौसला बढ़ाना और उनकी लम्बी आयु की कामना करना है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चंद्र प्रकाश खरे, जिला उपाध्यक्ष हरीओम करवरिया, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, जिला मंत्री राजेश्वरी द्विवेदी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा हीरो, जिला पंचायत सदस्य दशरथ प्रजापति, ऐंचवारा मंडल अध्यक्ष श्रवण पटेल, उपाध्यक्ष मंजीत सिंह, भाजयुमो महामंत्री मोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।


पार्टी नेताओं के साथा भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य

# पाकिस्तानी सांसद ने नेशनल असेंबली में शहबाज शरीफ को बताया 'बुजदिल'

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की ओर से गुरुवार को किए गए हमले का भारत की तरफ से करारा जवाब दिया गया है। भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई का असर अब पाकिस्तान की संसद में भी दिखाई देने लगा है। एक पाकिस्तानी सांसद ने अपने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को ही 'बुजदिल' बता दिया है।

पाकिस्तान के सांसद शाहिद अहमद खट्टक ने नेशनल असेंबली में कहा, "भारत के रुख पर उनका (पीएम शहबाज शरीफ) कोई बयान नहीं आया है। मुझे टीपू सुल्तान का वो बयान याद आ रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर एक लश्कर का सरदार शेर हो और उसके साथ गीदड़ हों, तो वो शेरों की तरह लड़ते हैं। लेकिन, अगर शेरों के लश्कर का सरदार गीदड़ हो, तो वो लड़ नहीं सकते और जंग हार जाते हैं।"



उन्होंने आगे कहा, "इस वक्त बॉर्डर पर खड़ा हमारा फौजी ये उम्मीद रखता है कि हमारा नेता, जो हमारा चेहरा है, जो हमारी ताकत का आइना है, वो सियासी तौर पर भी उतना ही दमदार हो। वो दुश्मन से मुकाबला करने की हिम्मत रखें, लेकिन जब आपका वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ) बुजदिल हो और वो मोदी का नाम तक न ले पाए, तो आप सीमा पर लड़ने वाले जवान को क्या संदेश दे रहे हैं?"

गुरुवार को ही एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के एक सदस्य और सेना के पूर्व मेजर ताहिर इकबाल अपनी बात रखते हुए रो पड़े थे।

पूर्व पाकिस्तानी मेजर ताहिर इकबाल ने नेशनल असेंबली में कहा था, "हम अपनी कौम से कहते हैं कि सब मिलकर चलो और अपने रब से दुआ करो कि हम सबकी हिफाजत करें। इस मुल्क की रक्षा करें।" ताहिर इकबाल ने कहा था कि अल्लाह ने चाहा कि पाकिस्तान बने और उन्होंने ही इस मुल्क को बनाया है। अब वही इसकी हिफाजत करेंगे।

उन्होंने रोते हुए कहा था, "अल्लाह, तू हमें माफ कर दे। हम तेरे सामने सर झुकाते हैं, माफी मांगते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम तेरे बड़े गुनहगार हैं।"

# भारत-पाकिस्तान संघर्ष से हमारा कोई सरोकार नहीं: अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस

**वाशिंगटन। अमेरिका** के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष "से मूलतः हमारा कोई सरोकार नहीं है", हालांकि वह और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।



अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों से अमेरिका के अलग होने के समर्थक रहे वेंस ने फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कहा, "हम जो कर सकते हैं, वह यह है कि इन लोगों को थोड़ा तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास करें, लेकिन हम युद्ध के बीच में शामिल नहीं होने जा रहे हैं, जिससे मूल रूप से हमारा कोई सरोकार नहीं है और इसका अमेरिका की इसे नियंत्रित करने की क्षमता से कोई लेना-देना नहीं है। आप जानते हैं, अमेरिका भारतीयों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता। हम पाकिस्तानियों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकते। और इसलिए, हम कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से इस मामले को आगे बढ़ाने जा रहे हैं।"

उन्होंने कहा, "हमारी आशा और अपेक्षा है कि यह एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध या, भगवान न करे, एक परमाणु संघर्ष में न बदले। अभी, हमें नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है।"

वेंस की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और कई अन्य शहरों में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने का असफल प्रयास किया।

भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने इस्लामाबाद द्वारा दागी गई कम से कम आठ मिसाइलों को मार गिराया।

इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान "जैसे को तैसा" वाली कार्रवाइयों को "बंद" करें, उन्होंने कहा कि अगर वह "मदद" के लिए कुछ कर सकते हैं, तो जरूर करेंगे।

उन्होंने कहा, "यह बहुत भयानक है। मेरी स्थिति यह है कि मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं। मैं दोनों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं और मैं उन्हें इसे हल करते हुए देखना चाहता हूं। मैं उन्हें रुकते हुए देखना चाहता हूं और उम्मीद है कि वे अब रुक सकते हैं।

उन्होंने जैसे को तैसा किया है, इसलिए उम्मीद है कि वे अब रुक सकते हैं। मैं दोनों को जानता हूं, हम दोनों देशों के साथ बहुत अच्छे से मिलकर काम करते हैं।"

भारत और पाकिस्तान के बीच "युद्ध" पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, "अगर मैं मदद के लिए कुछ कर सकता हूं, तो मैं करूंगा।"

ट्रम्प की टिप्पणी बुधवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा किए गए हमलों के बाद आई थी।

पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम गांवों को निशाना बनाकर तोपों और मोर्टार से गोलाबारी की।

इससे पहले, भारत ने मंगलवार-बुधवार की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरूआत की और 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए

आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पंजाब प्रांत में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

# अमेरिका ने भारत, पाकिस्तान से तनाव कम कर वार्ता करने की अपील की

**वाशिंगटन। अमेरिका** ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद मौजूदा तनाव के बीच भारत और पाकिस्तान को उसका दोहरा संदेश है : तनाव कम करें और बातचीत जारी रखें।



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को दिन में की गई कॉल का जिक्र करते हुए, विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका "दो चीजों" पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

ब्रूस ने कहा, "यह नहीं बढ़ना चाहिए, और संवाद मूल रूप से महत्वपूर्ण है, बातचीत होनी चाहिए, चुप्पी नहीं होनी चाहिए, और अमेरिका, जाहिर तौर पर इसके केंद्र में था, पिछले दो दिनों में दोनों देशों के विभिन्न नेताओं के साथ बातचीत में।"

उन्होंने यह भी कहा: "मंत्री, और आम तौर पर पूरे अमेरिका से संदेश यह है कि हिंसा को, सैन्य कार्रवाई, युद्ध को रोकना चाहिए, जैसा कि हमने उस क्षेत्र में देखा है, निश्चित रूप से मध्य पूर्व में, यह स्पष्ट रूप से, पीढ़ी के लिए, साबित हुआ है कि यह कोई समाधान नहीं है, क्योंकि यह कभी समाप्त नहीं होता है। इस संबंध में बदलाव होना चाहिए। इसलिए जाहिर है, जब किसी समस्या को हल करने की बात आती है, तो इस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध, सैन्य, अधिक हिंसा कोई समाधान नहीं है। कूटनीति ही समाधान है।"

यह पूछे जाने पर कि क्या विदेश मंत्री रूबियो ने मध्यस्थता की पेशकश की है, ब्रूस ने कहा कि स्थिति "बहुत नाजुक और खतरनाक" है और "जहां बातचीत हो रही है, हम विवरण के बारे में बात नहीं करने जा रहे हैं"।

उन्होंने कहा कि "जब नेताओं के बीच निजी तौर पर काम किया जा रहा हो, तो मीडिया, विश्वव्यापी मीडिया के बीच विवरण नहीं रखना महत्वपूर्ण है, और हमें वास्तव में इसे उसी तरह रखने की कोशिश करनी चाहिए"।

जब उनसे पूछा गया कि क्या प्रधानमंत्री शरीफ के साथ रूबियो की कॉल के रीडआउट में दिया गया बयान -- जिसमें पाकिस्तान से आतंकवाद को किसी भी तरह का समर्थन बंद करने को कहा गया -- भारत के इस रुख का समर्थन करता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थक रहा है, तो ब्रूस ने कहा, "ठीक है, आप जानते हैं, जाहिर है कि आज की दुनिया में, यह एक ऐसा आह्वान है जो हम दशकों से करते आ रहे हैं। यह वह गतिशीलता है जिसे हमने मध्य पूर्व में जीवन को अस्त-व्यस्त करते हुए देखा है। और स्पष्ट रूप से कश्मीर में जो हुआ वह भयानक है, और हम सभी निश्चित रूप से अपनी संवेदनाएं भेजते हैं। दुनिया ने कुल मिलाकर उस तरह की हिंसा की प्रकृति को अस्वीकार कर दिया है, और निश्चित रूप से राष्ट्रपति ने भी किया है।"

शरीफ के साथ रूबियो की कॉल पर एक बयान में ब्रूस ने पहले कहा था, "मंत्री ने मौजूदा संघर्ष में नागरिकों की कथित मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने पाकिस्तान से आतंकवादी समूहों को किसी भी तरह का समर्थन बंद करने के लिए ठोस कदम उठाने के अपने आह्वान को दोहराया।"

# भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने का सबूत देने में नाकाम रहें ख्वाजा आसिफ

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अपने देश में पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के दावे के समर्थन में किसी भी किस्म का सबूत देने में नाकाम रहें और यह कहकर कन्नी कटाने की कोशिश करते नजर आये कि सब कुछ भारतीय सोशल मीडिया पर है। सीएनएन द्वारा एक साक्षात्कार के दौरान यह पूछे जाने पर कि पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने का सबूत कहां है, श्री आसिफ ने कहा, 'यह सब सोशल मीडिया पर है, भारतीय सोशल मीडिया पर, हमारे सोशल मीडिया पर नहीं। इन लड़ाकू विमानों का मलबा भारतीय क्षेत्र में गिरा और यह सब भारतीय सोशल मीडिया पर है।' सीएनएन द्वारा बहुत ही स्पष्ट रूप से सबूतों के विवरण के बारे में पूछे जाने पर और यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान ने जिस 'राफेल जेट' को मार गिराने का दावा किया है, उसमें किसी चीनी उपकरण का इस्तेमाल किया गया था, रक्षा मंत्री ने कहा भारतीय विमानों को पाकिस्तानी जेट विमानों के साथ लड़ाई के दौरान मार गिराया गया था।

# अमेरिकी रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नए पोप चुने गए

**रोम। अमेरिकी** पादरी रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को गुरुवार को नया पोप चुना गया।



शिकागो में जन्मे 69 वर्षीय प्रीवोस्ट, ऑगस्टिनियन ऑर्डर के सदस्य थे और जिन्होंने पेरू में बड़े पैमाने पर सेवा की थी।

वह साल 2023 से बिशप के लिए डिकास्टरी के प्रीफेक्ट और लैटिन अमेरिका के लिए पोंटिफिकल कमीशन के अध्यक्ष थे। उन्हें पोप फ्रांसिस द्वारा पदों पर नियुक्त किया गया था, जिन्होंने उन्हें कार्डिनल के रूप में पदोन्नत किया था।

वह लियो क्ष का पोंटिफिकल नाम लेंगे।

गौरतलब है कि अर्जेंटीना में जन्मे पोप फ्रांसिस के बाद वह अमेरिका से दूसरे लगातार पोप हैं। यह जानने के लिए उत्सुकता थी कि नया पोप कौन होगा, क्योंकि शाम को सेंट पीटर स्क्वायर के ऊपर चिमनी से ट्रेडमार्क सफेद धुआं निकल रहा था, जो यह दर्शाता था कि कार्डिनल्स के सम्मेलन ने पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी का चयन कर लिया है, जिनका पिछले महीने निधन हो गया था।

निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे पादरी और आम लोगों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई, और सभी की निगाहें बालकनी पर थीं जो रोमन कैथोलिक चर्च के नए प्रमुख की पहली उपस्थिति की प्रतीक्षा कर रही थीं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इटली भाषा में जयकार कर रही भीड़ को संबोधित करते हुए नए पोप ने कहा, "आप सभी के लिए शांति हो। भाइयों और बहनों, यह पुनर्जीवित मसीह का पहला अभिवादन है। मैं आपके परिवारों, आप सभी को, चाहे आप कहीं भी हों, शांति का अभिवादन देना चाहता हूं। आपको शांति प्राप्त हो।" सिस्टिन चैपल में आयोजित इस सम्मेलन में शामिल 133 कार्डिनल आज सुबह अनिर्णीत मतदान के बाद लंच ब्रेक के बाद फिर से एकत्र हुए थे। नए पोप के लिए दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है - जिसका अर्थ है इस सम्मेलन में 89 मत।

बीबीसी के अनुसार, पिछले कुछ सम्मेलनों में पोप चुनने में औसत तीन दिन का समय लगा और सात बार मतदान हुए।

# हूती ने खाई इजरायल से बदले की कसम

**यमन**

**यमन** के हूती नियंत्रित राजधानी सना में हवाई अड्डे पर इजरायल के हमले में टर्मिनल भवन तबाह हो गए हैं और खबर है कि करीब 500 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। इस बात की जानकारी इसके निदेशक की ओर से दी गई। इससे पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में कहा गया था कि इजरायली हमलों में ज्यादा नुकसान होने के बाद हवाई अड्डा अगली सूचना तक सभी उड़ानों को निलंबित कर रहा है। इजराइली सेना ने बताया कि बल द्वारा यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर किये गये हवाई हमलों में राजधानी सना में देश का मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पूरी तरह से तबाह हो गया।

सेना ने यह भी बताया कि हवाई हमलों से क्षेत्र में कई बिजली संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है। इजराइली टेलीविजन पर प्रसारित फुटेज में सना के प्रभावित क्षेत्रों में धुएं का घना काला गुबार उठता हुआ देखा जा सकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीएलए ने दिया पाकिस्तानी सेना को सिरदर्द, बोलान में आईईडी विस्फोट में 14 सैनिकों की मौत

**क्वेटा। पाकिस्तान** सशस्त्र बलों के लिए दोहरा सिरदर्द बनते हुए, बलूच लड़ाकों ने बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिया है। यह हमला भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिए जाने के बाद हुआ है, जिसमें पाक अधिकृत कश्मीर और पंजाब में विभिन्न आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के कार्मिक वाहनों पर लक्षित हमले में, बलूच लिबरेशन आर्मी ने बुधवार को एक आईईडी विस्फोटक से पाकिस्तानी सेना के ट्रक को उड़ा दिया, जिससे 14 सैनिक मारे गए।



बीएलए की आधिकारिक मीडिया शाखा द्वारा एक्स पर जारी एक वीडियो में प्रांत के बोलन क्षेत्र में संगठन द्वारा लंबे समय तक की गई निगरानी का फुटेज दिखाया गया है, जिसमें पाकिस्तानी बम निरोधक दस्ते क्षेत्र की तलाशी लेते, सैनिक गश्त करते और दो ईओडी ट्रक गुजरते नजर आ रहे हैं।

सेना के बम का पता लगाने और उसे निष्क्रिय करने वाले बलों द्वारा व्यापक रूप से तलाशी लेने के बाद, इस क्षेत्र को आने वाले सेना के ट्रक के गुजरने के लिए सुरक्षित माना गया। जैसे ही ट्रक निर्धारित लक्ष्य पर पहुंचा, बीएलए के लड़ाकों ने उसे उड़ा दिया और वहां मौजूद सभी सैनिक मारे गए। यह पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों और अवसंरचना पर आईईडी रणनीति का उपयोग करके आतंकवादी संगठन द्वारा किए गए तीव्र हमलों की एक लंबी श्रृंखला है। इनमें से सबसे उल्लेखनीय जाफर एक्सप्रेस का अपहरण था, जहां संगठन ने ट्रेन पर घात लगाकर हमला करने और उसमें सवार होने के लिए समन्वित विस्फोटक हमले का इस्तेमाल किया था।

# माई-बाप हमें बचा लो... 24 घंटे में दूसरी बार गुहार लगाने अमेरिका के पास पहुंचा पाकिस्तान

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के ताबड़तोड़ एक्शन से पूरा पाकिस्तान दहशत में नजर आ रहा है। पाकिस्तान के मंत्री भागे भागे अमेरिका के राजदूत के पास पहुंचे हैं। पाकिस्तान की तरफ से अमेरिका से गुहार लगाई जा रही है। 24 घंटे में पाकिस्तान के मंत्री ने अमेरिकी राजदूत से दूसरी बार मुलाकात की है। पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी ने अमेरिकी राजदूत से मुलाकात की है। पाकिस्तान अमेरिका से भीख मांग रहा है। गिड़गिड़ा रहा है। एक तरफ वो कटोरा लेकर भीख मांगता फिर रहा है। पैसे दो दे। कोई एक चवन्नी तक नहीं डाल रहा है तो दूसरी तरफ अमेरिका के पास गुहार लगाने के लिए पहुंचा है। दरअसल, अब उसे समझ आ गया है कि हमने किससे गलत पंगा ले लिया है।

पाकिस्तान ने अपनी बेवकूफी में गलत कदम उठा लिया है और उसको अब लगने लगा है कि इसके साथ मेरा विनाश निश्चित है। इसलिए वो हर जगह भाग रहा है। ये लड़ाई यही पर रुक जाए। भारत ये तय कर चुका था कि अब हम नहीं सहेंगे। इस बार हिसाब

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
**ऑफिस मो.:**
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# तुर्की से लेकर दागे गए 400 ड्रोन क्यों साबित हुए फुस्स

**तुर्की**

**भारत** के विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान की ओर से कल रात कई शहरों को निशाना बनाकर किए गए हमलों के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके विस्तृत जानकारी दी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि 8-9 मई की मध्यरात्रि को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सेना पर भारतीय वायुक्षेत्र का कई बार उल्लंघन किया। पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर वाले हथियारों से गोलीबारी भी की। अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर 36 जगहों पर 300-400 ड्रोनों का इस्तेमाल घुसपैठ के लिया किया गया। भारत ने इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। हमले में संभवतः तुर्की निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल किया था। ड्रोन के मलबे के प्रारंभिक फोरेंसिक जांच से पता चला है कि वे तुर्की निर्मित 'असिसगार्ड सोंगार' मॉडल थे, जिन्हें आमतौर पर निगरानी और सटीक हमलों के लिए डिप्लॉय किया जाता है।



सोंगर तुर्की की पहली स्वदेशी रूप से विकसित सशस्त्र ड्रोन प्रणाली है, जिसे अंकारा स्थित रक्षा कंपनी असीसगार्ड द्वारा निर्मित किया गया है। 2019 में कमीशन किए जाने वाला सोंगर एक क्वाड्रोटर मानव रहित लड़ाकू हवाई वाहन (यूएवी) है जिसे स्वायत्त और रिमोट-नियंत्रित दोनों तरह के संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी यही क्षमता इसे असममित युद्ध और सीमा पार मिशनों के लिए अत्यधिक बहुमुखी बनाता है।

कितना सटीक और खतरनाक

रिपोर्टों के अनुसार, सोंगर को एक स्थिर ऑटोमैटिक मशीन गन या मिनी-मिसाइल और 81 मिमी मोर्टार राउंड से लैस किया जा सकता है।

# पहले यार के हथियार से पाकिस्तानी मंसूबों को किया ध्वस्त, फिर दोस्त के खास दिन को भारत ने अपनी उपस्थिति से बनाया और विशेष

**पाकिस्तान**

**एक** तरफ पाकिस्तान पर भारत कहर बनकर टूट पड़ा है तो दूसरी तरफ पाकिस्तान दुनियाभर में जाकर मदद का हाथ फैला रहा है। पाकिस्तान को इस समय भारत के कहर से बचने के लिए एक अदद मदद की उम्मीद है। इस मदद में वो चीन से लेकर तुर्की तक और तुर्की से लेकर रूस की तरफ देख रहा है। अमेरिका के दर पर जाकर तो पाकिस्तान ने हाथ फैला लिए। लेकिन अभी तक पाकिस्तान को अब तक कोई उम्मीद नजर नहीं आई है। इन सब के बीच रूस में एक बड़ी बैठक हो रही है। इस बैठक में भारत के रक्षा राज्य मंत्री मौजूद हैं और साथ ही रूसी पक्ष भी उपस्थित है। रूस और भारत के बीच में ये मुलाकात ऐसे वक्त में हो रही है जब भारत और पाकिस्तान के बीच जंग जैसे हालात बने हुए हैं। रूस में मौका विक्ट्री डे परेड का है। जहां रक्षा राज्य मंत्री का स्वागत हुआ है। भारत पाकिस्तान के बीच तनाव की खबरों के बीच अब लगातार देखा जा रहा है कि रूस और भारत कैसे एक दूसरे के करीब आ रहे हैं।

